



# माली सैनी सन्देश


निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 8 • अंक : 90 • 30 दिसम्बर, 2012 • मूल्य : 150/- वार्षिक

नववर्ष की मधु बेला पर
मानवता का हो विकास
धन धान्य से भरा हो घर
छाए जीवन में उल्लास

जीवन को आलोकित करे
नव रश्मियों का प्रकाश
घनघोर तम हरण करके
जीवन में भरे रंग उजास

Happy New Year




समस्त देशवासियों एवं समाज बंधुओं को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# सेवा का सम्मान



माली समाज गौरव मानव हितेषी अनाथ बच्चों के मसीहा एवं बुजुर्गों के बुढ़ापे की लाठी श्री भगवानसिंह परिहार को मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं केन्द्रीय मंत्री श्री पी. चिंदम्बरम लवकुश संस्थान ( अनाथ असहाय बच्चों के लिए पालनगृह ) एवं आस्था ( असहाय बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम ) के लिए एम्बुलेंस की चाबी भेंट करते हुए।

# अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



रामेश्वरलाल (सुशील)



विरेन्द्रसिंह



करणसिंह



भूराराम

आंखों से तो दूर गये हो, पर दिल से न दूर जाओंगे।
जीवन के हर पल, हर क्षण, हम सभी को याद आओंगे।।

के सड़क दुघर्टना में आकस्मिक निधन होने पर दिवंगत आत्माओं को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

श्रद्धावनत :

**माली सैनी सन्देश परिवार**

जोधपुर


NO.RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 8 अंक : 89 30 दिसम्बर, 2012 मूल्य : 150/- वार्षिक


सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
( पूर्व पार्षद )

प्रेस फोटोग्राफर
जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज
रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर
इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

## देवीचंद देवड़ा बनें माली संस्थान, जोधपुर के अध्यक्ष

श्री बाबूलाल परिहार उपाध्यक्ष पद पर र्निविरोध निर्वाचित



खुद में साहस पैदा कर आगे बढ़े- श्री रामकिशोर सैनी
जनसेवा को प्राथमिकता, आहत को राहत
महात्मा फूले सच्चे समाज सुधारक- श्री राजेश पायलट
फूले विचार वाटिका के नर्व वर्ष 2013 के कैलेण्डर का लोकार्पण
बाबा रामदेव ग्रुप ने सिरोह में कैदियों का कम्बल भेंट किए
सुमेरपुर के वाणिज्यिक कर अधिकारी सोलंकी
सहायक आयुक्त के पद पर पदोन्नत
श्री नंदकिशोर गहलोत सम्मानित
संयुक्त दीपावली स्नेह मिलन समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न
सेवा संस्थान जैतारण का बढ़ता कारवां
आदर्श राजनीतिज्ञ व प्रशासक अशोक गहलोत
केकड़ी में 45 जोड़े बने हमसफर
प्रतिभा का विकास समाज का दायित्व-पंवार
महात्मा फूले गुरुकुल से जुड़ने का आव्हान
राजस्थान सैनिक क्षत्रिय माली संघ, हैदराबाद चुनाव श्री रामपाल देवड़ा अध्यक्ष बने
बीपीएल परिवार की युवतियों के विवाह के लिए सहायता राशि
विवाह योग्य युवक-युवतियां

# सम्पादक की कलम से ...



ईश्वर ने मानव की उत्पति एक बीज के रूप में की है और उस बीज का एक पहलू या भाग तो हम स्वयं है दूसरा भाग ईश्वर ने अदृश्य कर रखा है। बीज का वह दूसरा भाग इस संसार या प्रकृति में निहित है जब तक हम दूसरे तत्व को पहचान कर, उसे अपनाकर अपने में सम्मिलित नहीं कर लेते तब तक हम पूर्णता या सफलता को प्राप्त नहीं कर सकते।

हमारा माली सैनी समाज इस मायने में काफी पीछे है। अवश्यकता है सामाजिक क्रांति की और सामाजिक क्रांति के लिए आवश्यक है अपने आप को पहचानने की। जब तक हम पूर्ण अस्तित्व की पहचान कर अपने सफल होने पर विश्वास नहीं करेंगे तक तक दुनिया कैसे विश्वास करेगी। हमारे समाज के लोग अपने ही विचारों में खोये रहते है। हम अपने ही संकल्पों-विकल्पों के चिंतन में उलझकर बिना किसी कार्य को किये ही निराशाजनक परिणाम निकाल लेते है।

समाज की सफलता व्यक्ति की सफलता पर निर्भर है। स्वामी विवेकानन्द जी ने वर्षो पहले हमे सफलता का नारा दिया था। उन्होंने कहा था **''तुम्हें जो अच्छा लगे वह करो, दुनिया क्या कहेगी इसकी परवाह मत करो।''** जिस समाज के लोगों ने इस वाक्य में छिपे असली मर्ज को पहचान कर कार्य को शुरू किया तो सफलता उनके कदमों में है। उनका अपना एक अस्तित्व है। एक अलग पहचान है। दूसरी तरफ हमारे समाज में यह कमजोरी अभी तक व्याप्त है। हम किसी कार्य को शुरू करने से पहले ही यह सोचने लगते है कि परिवार वाले क्या कहेंगे ? पड़ौसी क्या सोचेंगे? कही असफल नहीं हो जाऊं। दुनिया क्या कहेगी आदि -आदि।

इतिहास गवाह है कि जिन्होंने दुनिया की परवाह न करके अदम्य साहस के साथ अपने कार्य को शुरू किया वो न केवल भारत बल्कि संसार के सफलतम व्यक्तियों की सूची में शामिल है। जिनके पास दो जून की रोटी की व्यवस्था नहीं थी वो लोग अपने साहस के बल दुनिया के अमीर व्यक्तियों की सूची में शामिल है। अत: समाज के सभी वर्गो से निवेदन है कि आप अपने आप को श्रेष्ठ समझे, साहसी बनें, विश्वास पैदा करें, क्रियाशील बनकर पूर्ण लग्न व निष्ठा से आगे बढ़ें। सफलता हमारी राह देख रही है। यही भाव मन में संजोये रखें। मन में नैराश्य पैदा नहीं होने दें क्योंकि साहस व विश्वास से पत्थर में भी फूल खिलाये जा सकते है। मैं समाज के युवा वर्ग से आव्हान् करना चाहता हूं कि अपनी ताकत को पहचाने। संकल्पों विकल्पों के मकड़जाल से निकलकर पूर्वाग्रह की जंजीरों को तोड़कर पूर्ण विश्वास व सफलता का भाव मन में लेकर आगे बढ़ें। सफलता को दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती।

वर्तमान समय में संगठन के माध्यम से असंभव से दिखने वाले कार्य को संभव किया जा सकता है। हमारे समाज को भी कुंभकर्णी नींद को त्याग कर समाज के हित हेतु प्रत्येक घर से तन-मन-धन से सहयोग कर समाज को संगठित व सामाजिक जागृति हेतु कार्य करना होगा, इसके लिख अब हम शंखनाद करें।

दीपक की लौ को हवा का एक झोंका बुझा देता है लेकिन वही हवा जंगल की आग को बुझाने की बजाय बढ़ाती है। हमें दीपक की लौ नहीं बल्कि जंगल की आग की तरह बनना होगा। एक अकेला कीड़ा कुछ नहीं कर सकता लेकिन कीड़ों(दीमक) के समूहों से बड़े-बड़े महलों को खण्डर होते पढ़ा है, सुना है और देखा भी है।

तात्पर्य सिर्फ इतना है कि हमें संगठित होना ही होगा। आज नहीं तो कल फिर देरी क्यों? आज और अभी से शुरूआत करें। समाज के युवाओं को फिर कहना चाहूंगा कि जागो, पढ़ों व पूर्ण विश्वास के साथ आगे बढ़ो, सफलता निश्चित है। समाज के जिन महापुरूषों ने समाज को संगठित व उन्नत करने का जो भागीरथी प्रयास अखिल भारतीय स्तर पर शुरू किया है उसमें पूर्णरूपेण भागीदार बनकर सहयोग प्रदान करना चाहिए।

**जय माली सैनी समाज**

## समाज की सफलता व्यक्ति सफलता पर निर्भर....



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

# देवीचंद देवड़ा बनें माली संस्थान, जोधपुर के अध्यक्ष

## श्री बाबूलाल परिहार उपाध्यक्ष पद पर र्निविरोध निर्वाचित



जोधपुर। माली संस्थान, जोधपुर के त्रै-वार्षिक चुनाव में श्री देवीचंद देवड़ा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित हुए। चुनाव में संस्थान के 8250 सदस्यों में से 3761 सदस्यों ने भाग लिया।

चुनाव अधिकारी श्री राजेन्द्र भाटी ने बताया कि इस चुनावों में अध्यक्ष पद पर 5 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य अजमाया जिसमें समाज के श्री देवीचंद देवड़ा ने सर्वाधिक 3468 मत प्राप्त कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर बालरंवा के माली संस्थान सदस्य श्री बाबूलाल परिहार र्निविरोध निर्वाचित हुए। मंत्री पद पर श्री हनुमान सिंह गहलोत एवं श्री योगेश गहलोत ने विजयश्री प्राप्त की, कोषाध्यक्ष पद पर श्री इंद्रसिंह गहलोत, संगठन मंत्री पद पर श्री अशोक परिहार एवं संयुक्त मंत्री पद पर नरपत सोलंकी निर्वाचित घोषित किए गए।

दिनांक 23 दिसम्बर, 2013 को हुए चुनावों में माली संस्थान, जोधपुर के विभिन्न जिलों पाली, जालोर, बाड़मेर, बालोतरा, तिंवरी, मथानियां, पीपाड़, पोकरण, जैसलमेर, भीनमाल, नागोर, सिरोह, शेरगढ़, बालेसर इत्यादि से आए समाज बंधुओं ने प्रात: 8.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक अपने मतदान किया। मतदान पूर्ण रूप से शांति से संपन्न हुआ। ततपश्चात सांय 6.15 बजे से मतगणना प्रारम्भ की गई जिसमें गिनती में श्री देवीचंद देवड़ा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए। माली संस्थान के चुनाव में श्री देवीचंद देवड़ा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। समाज की विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों, पदाधिकारियों ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके कार्यकाल में संस्थान के नये आयाम स्थापित करने की बात कही। माली संस्थान, जोधपुर के यह चुनाव भी विवादों में रहे। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार श्री महेश परिहार ने मतदाता सूची की अनियमितताओं के चलते न्यायालय में वाद दायर किया जिस पर माननीय न्यायालय ने मतदाता सूची में रहीं कमियों का निस्तांतरण 21 दिसम्बर, 2012 तक करने के पश्चात कराने का निर्देष दिया।

माली सैनी संदेश परिवार नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित करते हुए कामना करता है कि संस्थान के नव निर्वाचित पदाधिकारी संस्थान के माध्यम से समाज को संगठित करने एंव समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का हर संभव प्रयास करेगी।

इसके साथ ही हमारी संस्थान के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा से आग्रह है कि माली संस्थान, जोधपुर के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील परिहार के कार्यकाल में की गई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच करवा दोषी पदाधिकारियों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करें तथा साथ ही संस्थान की कार्यशेली के कारण संस्थान के सदस्यों द्वारा न्यायालय में दायर किए गए मुकद्दमों के निरस्त करने हुए उनके द्वारा जिन अनियमितताओं के चलते केस दायर किया गया है उन अनियमितताओं को सही करवा उन्हें संतुष्ट करे। समाज की प्रमुख संस्थान के पूर्व पदाधिकारियों की गलतियों को दूरस्त करें जिससे की संस्थान का मामला कोर्ट कचहरी में नहीं जाए भविष्य में संस्थान के संविधान के अनुरूप ही संस्थान के कार्य हो जिससे की समाज के हर वर्ग में पुन: वही विश्वास व सम्मान 40 वर्षो पुरानी संस्थान में बना रहे जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने इस संस्थान का गठन किया। संस्थान संविधान में बनाए नियमों एवं उद्देश्यों के अनुसार समाज के विकास में निष्पक्ष व उचित भागीदानी निभाए।

श्री गणेशाय नमः



महाराजा शूर सैनी

SAINIPARIVAR



महात्मा ज्योतिबा फुले

**www.SainiParivar.com**

**(Based on our ancestors principles)**

**सैनीपरिवार डॉट कॉम**

**(हमारे पूर्वजों के सिद्धांतों पर आधारित)**

आदरणीय सैनी/मालीबन्धुओं

आपको यह जानकर अतिहर्ष होगा कि हमारे समाज को सम्मर्पित एक इंटरनेट वेबसाइट चल रही है, जो सूचना और प्रौद्योगिकी के इस युग में समाज के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है तथा समाज को कल्याण की दिशा में आगे ले जाने और नयी पीढ़ी को समाज में एक जुट करने में सहायक है इस वेबसाइट के माध्यम से पूरी दुनिया से सैनी/माली, के दूसरे से जुड़ रहे है और सेवाओं का आदान-प्रदान कर रहे है।

वेबसाइट की विशेषताओं में सबसे पहले इसका वैवाहिक सेवा अनुभाग आता है जो हमारे पूर्वजों के सिद्धांतों पर आधारित है जिसमें विवाह पूर्व गोत्रा मिलान का प्रावधान है इसमे आप मनपसंद लड़का या लड़की की खोज कर सकतें है वो भी अपनी सभी गोत्रो के आधार पर और अग्रिम खोज में स्थान, आय, शिक्षा, मांगलिक, काया, आयु और लंबाई के आधार पर भी लड़का लड़की सूची में आगे छंटाई कर सकते है।

**वेबसाइट की विशेषताएँ :**

- **समाज के कर्मचारी वर्ग, व्यापारिक वर्ग और सामाजिक वर्ग के बारे में सूचना**
- **समाज की सभी सैनी सभाए संस्थानों और होने वाले सम्मेलनों के बारे में सूचना**
- **समाज के महान व्यक्तियों, समाज के इतिहास, संस्कृति और परंपराओं के बारे में सूचना**
- **छात्रो के लिए कैरियर दिशा निर्देश और रोज़गारों के बारे में सूचना**
- **समाज के ताज़ातरीन समाचार और समजोपयोगी लेख व कविताएँ**
- **वैवाहिक सेवा अनुभाग, जो हमारे पूर्वजों के सिद्धांतों पर आधारित है**

सभी सैनी/माली बन्दुओं से गुज़ारिश है की वो www.sainiparivar.com में लॉग इन करें और विवाह योग्य लड़के लड़कियों की प्रोफाइल बनाएँ जो की बिल्कुल निःशुल्क है

आशा करतें है की इस सामाजिक कार्य में सभी सैनी/माली बंधु एक जुट होकर हिस्सा लेंगे और हमारे समाज को इस सूचना और प्रौद्योगिकी के इस युग में आगे लाने में सहयता करेंगे।

अपने सुझाव सादर आमंत्रित है

हमारा मेल पता:

info@sainiparivar.com

धन्यवाद

**सैनी परिवार समूह**

**जोगेन्दर सिंह सैनी**

**B.Tech., M.B.A., P.M.P.**

**09311252999**

# खुद में साहस पैदा कर आगे बढ़े– श्री रामकिशोर सैनी

## विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले समाज के 150 से ज्यादा प्रतिभाशाली बालकों का किया सम्मान



23 दिसम्बर, 12 चुरू। किसी भी सामाज को आगे बढ़ने के लिए उस समाज क प्रत्येक व्यक्ति का साहसिक होना जरूरी है। सैनी समाज का प्रत्येक व्यक्ति खुद में साहस पैदा कर अन्य समाजों के साथ कदम से कदम मिलोकर चले, तभी समाज का विकास हो पाएगा।

ये विचार रविवार को तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री श्री रामकिशोर सैनी ने सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी संघ की ओर से टाउन हॉल में हुए जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित रखने, शिक्षा, सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में आगे लाने की बात तो सभी करते है लेकिन उन पर अमल नहीं किया जाता। हमें उन बातों पर अमल कर समाज को आगे बढ़ाना होगा। उन्होने कहा कि कार्यक्रम में सम्मानित हुई प्रतिभाओं में लड़कियों की संख्या ज्यादा है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। एक लड़की शिक्षित होगी, तो दो घरों का भविष्य संवरेगा। इसलिए लड़कियों को सुरक्षा व अवसर प्रदान करें। वे भगवान का वरदान है। इनके बिना घर सुना रहता है।

विशिष्ट अतिथि चौमू विधायक श्री भगवानसहाय सैनी ने कहा कि आज जमाना प्रतियोगिताओं का है, ऐसे में समाज के युवाओं को हर क्षेत्र में अपना शत-प्रतिशत देना होगा, तभी उन्हें सफलता मिल पाएगी। समाज के लोग अलग-अलग पार्टियों से जुड़े है लेकिन उन्हें यह बात समझ लेनी चाहिए कि एक समाज कई पार्टियों खड़ी कर सकता है, लेकिन कई पार्टियां मिलकर एक समाज का गठन नहीं कर सकती। सेवानिवत्त आईएएस व डांग विकास क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण सैनी ने कहा कि समाज के बुजुर्ग युवाओं को दिशा देगे, तभी वह नई तकनीक व संस्कारों से जुड़कर समाज वे देश को आगे ले जा पाएगा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष मनफूल सैनी ने कहा कि सर्वागिण विकास के लिए सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक तीनों क्षेत्रों में आगे बढ़वा होगा।

महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के अध्यक्ष श्री मोतीलाल सांखला ने कहा कि समय के साथ समाज को भी बदलना होगा और नई दिशा की ओर कदम बढ़ाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उद्योगपति श्री जगदीश प्रसाद तंवर ने आभार व्यक्त किया। संघ के अध्यक्ष श्री नारायण प्रसाद गौड़ ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियों का श्री गुलाबचंद सिंगादिया, श्री हरिप्रसाद पावटाण, श्री भंवर गौड़, श्री रामनिवास इंदारिया, श्री परेश्वरलाल तंवर, श्री औंकारमल बालाण, श्री राजकुमार तंवर, श्री शुभकरण पंवार, प्रो. डॉ. एस. के. सैनी, एपीपी श्री उम्मेदराज सैनी, श्री देवीसिंह मिटावा, श्री लालचंद दईया, श्री राधेश्याम राकतिया, श्री शंकरलाल बालाण, राजकुमारी सैनी, निर्मला सैनी, अनिता सैनी, बाबूलाल कानोड़िया, पार्षद डॉ. आनंद सैनी व श्री गणेशाराम तंवर आदि ने अभिनंदन किया । संचालन श्री बजरंग किरोड़ीवाल, निर्मला सैनी, श्री सुरेश पंवार व श्री अशोक सैनी ने किया।

### 150 प्रतिभाएं सम्मानित

जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की 150 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया । स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर नौ, स्नातक में 45, कक्षा 12 में 70 प्रतिशत से अधिसक अंक प्राप्त करने पर 70 व कक्षा 10 में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने पर 37 व खेल गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने पर 10 प्रतिभाओं का प्रशस्ति पत्र, नकद राशि व प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इसके अलावा झुंझुनूं से लोकसभा प्रत्याशी रहे श्री बनवारीलाल सैनी, श्री भीवराज सैनी, श्री भानीराम कम्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष श्री रामगोपेल किरोड़ीवाल, श्री भागीरथ सैनी आदि का भी सम्मान किया गया।

# जनसेवा को प्राथमिकता, आहत को राहत



## श्री अशोक गहलोत के कुशल नेतृत्व में सरकार के 4 वर्ष पूर्ण

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास के सपने को साकार रूप देने के लिए समाज के कमजोर, पिछड़े, गरीब और अल्पसंख्यक वर्ष के लोगो के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक कल्याण के लिए विभिन्न लोक मंगलकारी योजनाओं का समयबद्धता और वचनबद्वता के साथ क्रियान्वयन कर नए राजस्थान के निर्माण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए है। इन योजनाओं के माध्यम से आम आदमी विशेषकर गरीब वर्ग को इन योजनाओं का त्वरित लाभ मिला है और लोगों में सरकार के प्रति आस्था और विश्वास की भावना बढ़ी है।

गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल के चार वर्षो में सही मायने में जन आकांक्षाओं एंव आशाओं के अनुरूप कार्य करने को अपनी पहली प्राथमिकता समझी। उन्होंने चार साल पहले सत्ता संभालते ही अपने वायदे के अनुरूप कार्य शुरू किया और जन कसौटी पर खरे उतरे है। उन्होंने जनकल्याण का सर्वोच्च प्राथमिकता दी और लोकतांत्रिक परम्पराओं का निर्वहन करते हुए सामाजिक सरोकारों को मजबूती प्रदान की। सीधे, सहज, सरल और सच्चे स्वभाव के धनी और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण गहलोत ने अपने चार वर्ष के कार्यकाल में संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन की अवधारणा को मूर्त रूप देते हुए अनेक क्रांतिकारी और नीतिगत फैसले लेते हुए प्रदेश के विकास के ठोस एवं कारगर प्रयास किए है। इसके साथ ही नवाचारों का अपनाकर उन्होंने सरकार की दिशा को जनसेवा की भावना के साथ गति प्रदान की। इस अवधि में राज्य सरकार ने विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के माध्यम से आमजन को राहत देने का सफल प्रयास किया है। आज राजस्थान की फ्लैगशिप योजनाओं को देश भर में सराहा जा रहा है और अनेक राज्यों ने प्रदेश के मॉडल को अपनाते हुए अपने यहां इन योजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने फ्लैगशिप योजनाओं के अन्तर्गत मुख्यमंत्री अन्न सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण बी.पी.एल. आवास योजना, मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना, राजस्थान जननी-शिशु सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री बीपीएल जीवन रक्षा कोष योजना, राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारन्टी अधिनियम-2011, राजस्थान सुवाई का अधिकार अधिनियम-2012, मुख्यमंत्री पशुधन नि:शुल्क दवा योजना एवं काश्तकारों को समय समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज मुक्ति योजना को लागू किया है।

राज्य सरकार प्रदेश में आधार भूत संरचना के विकास के साथ अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति वचनबद्व है और इस क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की अमलीजामा पहनाकर प्रदेश के के उत्थान में जुटी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के गरीब की सेवा के सपने को सार्थक बनाने की दिशा में प्रदेश में सुशासन स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री मुस्तैदी से जुटे हुए है। चार साल में मुख्यमंत्री ने ऐसा कोई क्षेत्र नहीं छोड़ा, जिनमें गरीब को राहत नहीं मिली हो। मुख्यमंत्र नि:शुल्क दवा योजना ने तो पूरे देश में एक मिसाल कायम की है। महात्मा गाँधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थओं को प्रारम्भिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता जैसे पांच महत्वपूर्ण विभाग सौंप दिए है। नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम को लागू करने में राजस्थान देश में अग्रणी रहा है। चार साल में करीब एक लाख 36 हजार 289 पदों पर शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है । इस वर्ष के बजट में भी एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार गहलोत ने सभी क्षेत्रों में आमजन को राहत देने में सफलता प्राप्त की है।

## गरीबों व पिछड़ो का ध्यान

- सहरिया क्षेत्र में कुपोषित बच्चों को दोगुना पूरक पोषाहार, शाहबाद एवं किशनगेज में दोगुना पोषाहार, सहरिया परिवारों को 35 किलो गेहूँ के साथ दो किलों दाल और पांच किलो तेल भी।
- दो लाख से कम आय वाले परिवारो के एक हजार चयनित बच्चों को प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों में नौंवी कक्षा में निशुल्क शिक्षा।
- विशेष पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा एक लाख 44 हजार से बढ़ा 2 लाख रू.
- अकुशल कारीगर को अब 166 रूपए, अर्द्धकुशल को 176 रूपए, कुशल कामगार को 186 रूपए और उच्च कुशल कामगार को 236 रूपए न्यूनतम मजदूरी की घोषणा।
- आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को छात्रवृति के लिए परिवार के आय सीमा एक लाख से बढ़ कर ढाई लाख।
- **असर**
- सहरिया परिवारों में बच्चों की कुपोषणप से मौतों की खबरे आती रहती है। पिछले दिनों मुख्य सचिव सी.के. मैथ्यू उनके फीडबैक के आधार पर बना बताते है।
- शिक्षा का हक कानून 8वीं तक के बच्चों को ही निजी स्कूल में पढ़ने की सुविधा दे रहा है। सरकार ने आगे का कदम उठाया है। आय सीमा भी ठीक है और इसमें बड़े वर्ग के बच्चों को फायदा मिलेगा।
- विशेष पिछड़ा वर्ग में शामिल जातियों, विशेषकर गुर्जरों के लिए यह बड़ी राहत रहेगी। आय सीमा बढ़ने से ज्यादा बच्चों को इसका फायदा मिलेगा।
- महंगाई को देखते हुए वृद्धि भी बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन दिहाड़ी मजदूरों के लिए यह राहत भी कम नहीं है। सरकार मजदूरी बढ़ाती है तो बाजार में चल रही मजदूरी की दर अपने आप बढ़ जाती है।
- आय सीमा बढ़ाने से लाभ प्राप्त करेन वालों की संख्या बढ़ेगी औरा ज्यादा बड़े वर्ग का फायदा मिलेगा।

## युवा खिलाड़ी

**मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को दस के बजाय चौदह ईच के लेपटॉप दिए जाएंगे।**

असर यह बजट घोषणा है। मेरिट में आने वाले छात्रों के लिहाज से देखे तो यह एक बढ़िया कदम है । लेकिन अच्छी गुणवत्ता के लैपटॉप मिलते है तो विद्यार्थियों को आगे तक फायदा होगा।

**प्रदेश के झुंझुनूं जिले में सैनिक स्कूल स्थापित करने के लिए अंशदान**

देश को बड़ी संख्या में सैनिक देने वाले इस जिले में सैनिक स्कूल की स्थापना करना पुरानी मांग है। सरकार इस काम में सेना के साथ समन्वय कर काम आगे बढ़ाए तो देश में राजस्थान को गौरव और बढ़ सकता है।

**झुंझुनूं में खेल विश्वविद्यालय सरकार अपने स्तर पर खोलेगी। पीपीपी मॉडल पर नहीं।**

बजट घोषणा है। विश्वविद्यालय खोलने के लिए यूं ता निजी क्षेत्र में काफी प्रस्ताव आते है, लेकिन सरकारी स्तर पर खेल विश्वविद्यालय खोलने से इसमें जाने वाले युवाओं का सस्ता लेकिन गुणवत्तापूर्ण खेल प्रशिक्षण मिल सकेगा।

## शिक्षा विकास

**प्रत्येक तहसील पर विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय में उ.मा. स्तर की शिक्षा।**

इसकी जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, क्योंकि पैसे के अभाव के कारण कई वर्षो तक वाणिज्य और विज्ञान संकाय क तो स्कूल ही नहीं खुले थे। इसक लिए बड़े पैमाने पर शिक्षकों की जरूरत भी होगी। केंद्र सरकार का राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान राज्य सरकार की यह मुश्किल आसान कर देगा।

**राजकीय विद्यालय में पढ़ने वाली प्रत्येक बालिका को नौंवी कक्षा में साइकिल**

इससे लड़कियों का ड्रॉपआउट कम होगा।

**हर 10 किलोमीटर की दूरी पर उच्च माध्यमिक स्तर का विद्यालय होगा।**

शिक्षा के क्षेत्र में की गई यह घोषणा 8वीं के बाद होने वाली ड्रॉपआउट में कमी लाएगी।

विशेषकर लड़कियों को इस घोषणा से ज्यादा फायदा होगा। हालांकि इसके लिए बहुत पैसे की जरूरत होगी, लेकिन राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत सरकार को बड़ी मदद मिल सकती है।

**50 बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान संकाय शुरू होगे।**

लड़कियों की प्रतिभा सामने आ सकेगी।

## अल्पसंख्यक

**राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम की ओर से अल्पसंख्यकों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए संसाधन जुटाने के लिए सौ करोड़ रूपए की गारंटी।**

छोटे और कुटीर काम धंधों में लगे अल्पसंख्यकों को ज्यादा कर्ज मिल सकेगा और आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**असर**

**ढाई लाख रूपए से कम आय वाले अल्पसंख्यक छात्राओं का उच्च व तकनीकी शिक्षा लेने पर 500 रू. मासिक और उच्च संस्थाओं में अध्ययन पर 1000 रू. मासिक छात्रवृति।**

इससे अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चे तकनीकी शिक्षा की और प्रोत्साहित होगे और स्वरोजगार कर सकेंगे।

**प्रतिभा सम्मान**

**62 वर्ष से अधिक आयु वाले प्रदेश के ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स ने हिस्सा लेने वाले, राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत खिलाड़ियों व प्रदेश के ख्यात नाम लेखक, साहित्यकार, कलाकार, संगीतकार व रंगकर्मियों को डेढ़ लाख रूपए मिलेंगे। निशुल्क चिकित्सा और रोडवेज यात्रा। अधिस्वीकृत पत्रकारों को 62 वर्ष की आयु में 20 वर्ष के अनुभव पर 5000 रूपए मासिक सहायता राशि मिलेगी।**

**असर**

यह प्रतिभा का सम्मान है, क्योंकि इस वर्ग के अधिकांश लोगों का भविष्य बहुत अनिश्चित होता है।

## गांव–देहात

**पंचायत समिति मुख्यालयों के बाद अब 2000 पंचायत मुख्यालय पर किसान सेवा केंद्र और विलेज नॉलेज सेंटर स्थापित होगें।**

गांवों मे ही एक स्थान पर सभी तरह की सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार राजीव गांधी सेवा केंद्र बनवा रहीं है। इन पर इंटरनेट सुविधा भी होगी। इनके साथ किसान सेवा केंद्र और विलेज नॉलेज सेंटर जोड़ने का सीधा फायदा वहां के किसानों और युवाओं का मिलेगा। लेकिन इसके लिए जरूरत है कि इन केंद्रो पर निरंतर बिजी आपूर्ति और ब्रॉडबैंड की सुविधा रहे।

**गेहूं भंडारण की क्षमता को बढ़ाकर अब आठ लाख मीट्रीक टन किया जायेगा।**

खुले में पड़े होने के कारण गेहूँ खराब होने की शिकायतें नहीं आएंगी। राज्य सरकार पंचायतो को इनका प्रबंधन दे कर उनकी आय का स्त्रोंत खड़ा कर सकती है और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में गोदाम ज्यादा बनाए जाएं तो राजस्थान उत्तर भारत का स्टोरेज हब भी बन सकता है, क्योंकि पंजाब-हरियाणा जैसे राज्यों के पास भी पर्याप्त भंडारण क्षमता नहीं है।

**प्रत्येक तहसील में एक-एक मोबाईल वेटरनरी यूनिट होगी।**

असर: पशुओं के लिए नि:शुल्क उपचार की सुविधा के बाद अब यह कदम उनके लिए उपयोगी साबित होगा, क्योंकि उपचार की सुविधा, उन्हें अपने घर पर ही मिल जाएगी।




## आम आदमी

**सात अप्रेल, 2013 से आवश्यक जांचे भी नि:शुल्क होंगी। प्रारंभिक तौर पर जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में सुविधा मिलेगी। बाद में ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह सुविधा मिलेगी। अस्पतालों की मरम्मत के लिए पचास करोड़ रूपए। दो वर्षो में तीन हजार नए उप स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे।**

असर

आम आदमी को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद। जनता को निजी जांच केंद्रों की मनमानी दरों से मुक्ति मिलेगी।

निशुल्क दवा योजना का फायदा धीरे-धीरे पहुंच रहा है। अब जांचे नि:शुल्क होने से अस्पतालों मे मरीजों की संख्या बढेगी। यह सरकार के लिए परेशानी का विषय भी है, क्योंकि इतन डॉक्टर और आधारभूत सुविधाएं नहीं है। लेकिन जनता पहुंचेगी तो सरकार को इंतजाम करना ही पड़ेगा। गांवो में उप स्वास्थ्य केंद्र खुलनपे से लोगों की प्राथमिक जरूरत तो पूरी होगी ही।


**दुर्घटना में मृत्यु पर मुख्यमंत्री सहायत कोष से अब बीस हजार के बजाय पचास हजार रूपए की आर्थिक सहायता।**

हालांकि आदमी की जान की कोई भी कीमत नहीं होती, लेकिन सहायता राशि बढ़ने से कुछ सहारा तो मिलेगाा ही।

**वर्ष 1999 से पहले की युद्ध विधवाओं की पेंशन राशि को 750 रूपए से बढ़ाकर डेढ़ हजार रूपए किया गया।**

इन युद्ध विधवाओं की संख्या काफी है और पहले के राहत पैकेज भी बहुत आकर्षक नहीं थे। इससे इन्हें राहत मिलेगी।






# आधारभूत सुविधाएं

**जैसलमेर के 162 गांवो एवं बाड़मेर क 286 गांवो में बाड़मेर के 286 गांवो में बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना के अतंर्गत 473 करोड़ रूपए के कार्य। पोकरण-फलसुण्ड बालोतरा सिवाणा पेयजल परियोजना के अंतर्गत जैसलमेर के 106 गांवों को लाभान्वित किया जाएगा।**

असर पेयजल-सिंचाई से जूझ रहे पश्चिमी राजस्थान के इन जिलों को राहत मिलेगी।

**अगले वर्ष दस लधु सिंचाई परियोजनाएं शूरू होगी। बूंदी में बड़ा नया गांव, चित्तौडगढ़ में मालादेवी एवं वारडोल का नाका, झालावाड़ा में बोरबंद, उदयपुर में साबरमती द्वितीय और बांसवाड़ा से भीखाभाई सागवाड़ा सप्तम चरण क काम शुरू होंगे।**

असर दुर्घटनाएं कम होने की उम्मीद । गुणवत्ता का ध्यान रखना जारूरी। गांवो को सड़को से जोड़ने वाली योजना महत्वाकांक्षी है और बड़े वर्ग को फायदा मिलेगा। देखना यह है कि का कब तक पूरा हो पाएगा।

**शहरी क्षेत्र में ढांचागत विकास के लिए 1800 करोड़ रूपए खर्च होंगे। जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, अजमेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझनूं, दौसा, टोंक, भीलवाड़ा, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, पाली, जालौर, सिरोही एवं माउंट आबू में आरयूआईडीपी का फेज तीन लागू होगा।**

**बारां की शाहबाद तहसील में करई नदी पर विभिन्न स्थानों पर 22 करोड़ रूपए की लागत के आठ एनिकटों का निर्माण होगा।**

असर शहरों में अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी। मुख्यात: सीवरेज का काम है जो शहरों की बड़ी समस्या है। अजमेर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर में विरासत संरक्षण का काम भी होगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

सहरियाओं का ही इलाका है और एनीकट बनने से उनके लिए स्थानीय स्तर पर पानी की समस्या दूर हो सकेगी।








# महात्मा फूले सच्चे समाज सुधारक– श्री राजेश पायलट





पुष्कर । 28 नवम्बर 2012 का अखिल भारती माली (सैनी) सेवा सदन पुष्कर मे महात्मा ज्योतिबा फूले की 122वीं पुण्य तिथि बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के राष्ट्रीय महासचिव श्री ताराचन्द गहलोत ने जानकारी देते हुए कहा कि इस पुण्य तिथी के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि सम्मानीय केन्द्रीय मंत्री श्रीमान् सचिन पायलट थे एवं अध्यक्षता श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ राज्य शिक्षा मंत्री ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्री प्रभा जी ठाकुर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री महेन्द्रसिंह रलावता, श्रीनगर पंचायत समिति के प्रधान श्रीमान् रामनारायण जी गुर्जर, पुष्कर नगर पालिका चैयरमैन श्रीमती मंजु कुर्डिया, पुष्कर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी गुर्जर, अजमेर शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्षता श्रीमती सबा खान इत्यादि ने माला एवं पुष्प अर्पित करके महात्मा ज्योतिबा फूले को श्रृद्वापूर्वक याद किया।

सेवा सदन के अध्यक्ष श्री सेवा राम दग्दी एवं महासचिव ताराचन्द गहलोत ने सचिन पायलट साहब का साफा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया एवं नसीम अख्तर इंसाफ एवं श्रीमती प्रभा ठाकुर को स्वागत श्रीमती आशा तुन्दवाल पार्षद एवं सोनल मौर्य पार्षद ने सॉल एंव बुके एवं महात्मा फूले का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। श्रीमान् सचिन पायलट ने कहा कि महात्मा फूले सच्चे समाज सेवी थे। उन्होंने गरीबों, दलितों, पिछड़ो, किसानों की सेवा कार्य किये वह किसी से छिपे हुए नहीं है। हम सबको उनके किये हुए कार्यो को सीखना चाहिये और महात्मा फूले की मूर्ति पुष्कर मे लगे इसके लिये मै प्रयास करूंगा।

श्रीमती नसीम अख्तर इसांफ ने कहा कि आज हमारी सच्ची श्रृद्वांजली जब होगी हम गरीबों के विकास के कार्य करे उनकी सेवा करे। श्रीमती प्रभा ठाकुर सांसद ने श्रृद्वांजली देते हुए कहा कि सरकार ने गरीबों को अन्न, बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा, किसानों को सब्सिडी, जनता को नि:शुल्क दवायें इत्यादि का लाभ जनता को उठाना चाहिए। इसके पूर्व श्री ताराचन्द गहलोत ने महात्मा फूले की सम्पूर्ण जीवनी के बारे में प्रकाश डाला। समस्त पदाधिकारियों को स्वागत करने वाले में श्री प्रेमराज सौलंकी, श्री सेवाराम दग्दी, श्री बाबूलाल दग्दी, श्री भवंरलाल मालाकार, श्री रूपचन्द मारोठिया, श्री सत्यनारायण भाटी, श्री पुखराज दग्दी, श्री नितेश गहलोत, श्री राजेश दग्दी, श्री संजय दग्दी, श्री पुष्करनारायण भाटी, श्री जयनारायण दग्दी आदि ने भव्य स्वागत किया।

# संपत गहलोत बनाम माली संस्थान, जोधपुर केस में संस्थान के पदाधिकारियों को शपथ पत्र पेश करने के निर्देश

जोधपुर । जोधपुर माली संस्थान के चुनाव चर्ष 2010 में हुए चुनाव प्रक्रिया को अवैधानिक घोषित करने हेतु अपर सिविल न्यायाधीश (क0 ख) सं.4 में वाद सं. 90/10 में आज दिनाक 18 दिसम्बर, 2012 को हुई सुनवाई में माननीय न्यायाधीश ने प्रतिवादी माली संस्थान, जोधपुर अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ पत्र पेश करने का आदेश पारित किया।

माननीय न्यायाधीश महोदय ने इस संदर्भ में माली संस्थान में सदस्यता ग्रहण करने संबधी मूल आवेदन पत्र, साधारण सदस्य, मानद सदस्य व प्रतिनिधि सदस्यों एवं आजीवन सदस्यों के आवेदन पत्र की सूची उनके आधिपत्य में है या नहीं इस संदर्भ में उक्त सभी दस्तावेज उनके कब्जे में है या नहीं तथा यदि उनके कब्जे में नहीं है तो किसके पास व किसके कब्जे में है इसकी जानकारी चाही।

इसी संदर्भ में रजिस्ट्रार संस्थान सहकारिता विभाग प्रस्तुत प्रकरण के पक्षकार है वह यह स्पष्ट कथन शपथ पत्र पर प्रस्तुत करे कि न्यायालय द्वारा आदेशित 2009 से संबधित चुनाव संबधी दस्तावेज व साधारण सदस्य, मानद सदस्य, प्रतिनिधि सदस्य एवं आजीवन सदस्यों के आवेदन पत्र व उससे संबधित सदस्यों की सूची उनके विभाग में प्रस्तुत हुए है या नहीं तथा यदि उनके कब्जे में है तो उक्त सभी दस्तावेजों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करे।

अत: उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रतिवादी माली संस्थान, जोधपुर सं. 1 से 5 तथा प्रतिवादी सं. 6 रजिस्ट्रार सहकारिता को उपरोक्त आशय के शपथ पत्र/ दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु आदेश पारित किया है।

इस केस की आगामी सुनवाई दिनांक 4 जनवरी, 2013 को है

# फूले विचार वाटिका के नर्व वर्ष 2013 के कैलेण्डर का लोकार्पण



भीलवाड़ा। फूले विचार वाटिका मासिक पत्रिका द्वार हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी प्रकाशित किये गये वार्षिक बहुरंगीय केलेण्डर 2013 का लोकार्पण शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ ने किया और उन्होंने केलेण्डर को हर वर्ग के लिये उपयोगी बताते हुए केलेण्डर प्रकाशन व सजावट की प्रशंसा की।

सर्किट हाऊस में हुए लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अनील डांगी ने की। विशिष्ठ अतिथि जिला प्रमुख श्रीमती सुशिला सालवी, भारतीय यूनेस्को क्लब महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्याम बनवाड़ी, पत्रिका के सम्पादक एवं डी.सी.सी. मेम्बर गोपाल लाल माली, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिव कुमार कोशिक उपस्थित थे। माली ने बताया कि पत्रिका द्वारा प्रकाशित किये गये केलेण्डर में तिथियों व पंचांग सहित, महान पुराधावो की जयन्ति और अन्य विभिन्न तरह की जानकारियों के अलावा सरकारी छुट्टियों, उत्सवों व त्योहारों का भी विशेष विवरण केलेण्डर मे प्रकाशित किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद हारूण, बंशीलाल माली, भगत प्रजापत, मीठूलाल माली, योगेश गहलोत, कैलाश छुलिवाल, ज्ञानमल खटीक, राजेन्द्र जैन, खेमराज पनवा व बाबुलाल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। लोकार्पण से पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री का माली समाज की तरफ से गोपाल लाल माली के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ भेट कर समाज द्वारा स्वागत किया।

# बाबा रामदेव ग्रुप ने सिरोह में कैदियों का कम्बल भेंट किए



सिरोही। दिनांक 10.12.2012 को समाजसेवी श्री रघुभाई माली (बाबा रामदेव ग्रुप) ने जिला कारागृह में सर्दी के मौसम को देखते हुए कैदी भाईयों हेतु गर्म कम्बल वितरण किये। जिला कारागृह जेलर श्री लक्ष्मीनारायण के आग्रह पर समाजसेवी ने तत्परता दिखाते हुए कैदी भाईयों को सर्दी से राहत दिलाने हेतु समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री रघुभाई माली ने कहा कि व्यक्ति स्वभावयुक्त प्राणी है इसलिए किसी न किसी कारण से व्यक्ति अपने स्वभावों एवं लोभयुक्त होने के कारण अवैधानिक कार्य कर लेता है। जो समाज, परिवार के लिए घातक होता हैं। मानव मात्र का धर्म-कर्म है, लेकिन कर्म शुभ एवं समाज में शोभनीय होना चाहिए। आप सब को जेल में रखने का औचित्य आप सबके जीवन में सुधार लाना हैं। जेल व्यवस्था एक सुधार व्यवस्था हैं, इसके माध्यम से जीवन में सम्पूर्ण गलत प्रवृत्तियों को त्यागने की प्रेरणा मिलती है।

समाज कल्याण अधिकारी श्री एम.एल. मारू ने कहा कि भगवान ने यह मानव देह 84 लाख यौनियों में भटकने के बाद दी है। इसलिए हमें संसार में नेकी, ईमानदारी एवं मेहनत के साथ जीवन जीना चाहिए ना कि आसुरी प्रवृत्तियोंयुक्त रहना चाहिए।

इस अवसर पर शंकरलाल माली, प्रकाश बी. माली, पुखराज गहलोत, मगनलाल माली एवं सिरोही शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


# माली सैनी संदेश द्वारा प्रकाशित नव वर्ष – 2013

कैलेण्डर निः शुल्क प्राप्त करने हेतु संपर्क करें :

**सांई इण्टरनेशनल**, 3 जवरी भवन, भैरू बाग मंदिर के सामने, महावीर कॉम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर मो. 9414475464

# माली कर्मचारी कल्याण संस्थान, जोधपुर

## वार्षिक अधिवेशन समारोह पूर्वक सम्पन्न





16 दिसम्बर 2012 मण्डोर (जोधपुर) प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी विष्णु मंदिर (मण्डोर-जोधपुर) में स्थानीय माली कर्मचारी कल्याण संस्थान का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ। दो सत्रों में सम्पन्न एक दिवसीय सम्मेलन के प्रथम सत्र में प्रातः 10 बजे से आगन्तुक सम्भागियों का पंजीयन, प्रातः कालीन भोजन होने के पश्चात् अधिवेशन के पाण्डाल में खुला अधिवेशन हुआ। खुले अधिवेशन के प्रारम्भ में सर्वप्रथम पारस्परिक परिचय के पश्चात् सदस्यों ने संस्थान से जुड़े विभिन्न मद्दो पर अपने विचार व्यक्त किये। सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने सदस्यता में वृद्धि करने, विशेष रूप से आजीवन सदस्य बनाने, संस्थान की गतिविधियों में विस्तार करने, संस्थान का स्थायी कार्यालय स्थापित करने, संस्थान द्वारा सामूहिक विवाह आयोजित करने जैसे विषयों पर खुलकर अपने विचार रखे। कार्यकारिणी के वर्तमान पदाधिकारियों, विशेष रूप से श्री रमेश देवड़ा, श्री सुरेन्द्रसिंह भाटी, तथा श्री गोपालराम माली ने संस्थान की तरफ से संस्थान का कार्यालय स्थापित करने के लिए किये गये प्रयत्नों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात् 30 मिनट का विश्राम रहा।

विश्राम के पश्चात् अधिवेशन का मुख्य व द्वितीय सत्र आरम्भ हुआ। अब तक अधिवेशन में भाग लेने वाले सदस्यों की काफी अच्छी संख्या हो चुकी है। अधिवेशन के मुख्य सत्र की अध्यक्षता ठेकेदार श्री पूनाराम गहलोत (सूरसागर) ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में श्री नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा (अध्यक्ष, शहर भाजपा) ने अधिवेशन की शोभा बढायी। मुख्य सत्र के प्रारम्भ में संस्थान के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर संस्थान की तरफ से बहुमान किया। बाद में संस्थान के वर्तमान संरक्षक तथा निवर्तमान अध्यक्ष श्री रमेश देवड़ा ने सभी अतिथियों/सम्भागियों का सम्मेलन में पधारने के लिए सस्वागत धन्यवाद प्रकट किया। आपने विशेष रूप से आग्रह किया कि सदस्य गण अपनी समस्याओं से लिखित रूप से अवगत करावें। हम पूरा प्रयास कर आपको यथासंभव सहयोग करेंगे। बाद में नव निर्वाचित अध्यक्ष की कैलाश सोलंकी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि संस्थान समाज में सामूहिक विवाह का आयोजन कर आदर्श विवाह का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहता है। उपस्थित सम्भागियों की ओर से हर्षध्वनि के साथ सामूहिक विवाह आयोजन में सहयोग व समर्थन का आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि, अध्यक्ष सहित अतिथियों ने अपने कर कमलों से पिछले एक वर्ष में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों/अधिकारियों को श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर माल्यार्पण तथा साफा पहनाकर सम्मानित किय। जिन सेवानिवृत कर्मचारियों/अधिकारियों को सम्मानित किया गया उनमें शिक्षा, चिकित्सा, रोडवेज, सार्वजनिक निर्माण आदि विभागों के 30 कर्मचारी शामिल है।

तदनन्तर मुख्य अतिथि नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा ने समारोह को सम्बोधित किया। आपने अपने सम्बोधन में पहले समारोह आयोजन तथा उन्हें आमंत्रित करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार प्रकट किया। आपने सेवानिवृति पर सम्मानित होने वाले सभी कर्मचारियों /अधिकारियों को अपनी तरफ से हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भवष्यि की शुभकामनाएँ भी प्रकट की। आपने सम्मेलन में सम्भागियों की निरंतर घटती संख्या पर भी चिंता प्रकट की और कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कर्मचारियों में जागरूकता जरूरी है। कर्मचारी रूचि लें तो कार्यकर्त्ताओं का भी उत्साहवर्द्धन होता है। आपके उद्‌बोधन के पश्चात जिला/राज्य स्तर पर सम्मानित एवं अपने क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त कर्मचारियों/अधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र-स्मृति चिन्ह देकर तथा साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए श्री आनंदसिंह साँखला (मगरा-पूंजला, जोधपुर) शारीरिक शिक्षा में कोच के रूप में सराहनीय भूमिका के लिए जिला-स्तर पर सम्मानित होने पर युवा शारीरिक शिक्षक श्री स्नेह दीप टाक, तकनीकी शिक्षा में कार्यरत डॉ. अनुलता गहलोत को पत्रकारिता व जन संचार के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त समारोह को सहयोग प्रदान करने के लिए भामाशाहों को भी माल्यार्पण

तथा साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इन भामाशाहों में श्री केसूसिंह जी गहलोत श्री आईदान जी दवेड़ा श्री प्रेमसिंहजी परिहार, श्री पूनारामजी गहलोत, श्री राजकिशोरजी गहलोत आदि मुख्य हैं। संरक्षक ही रामचन्द्र भाटी द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ समारोह सम्पन्न हुआ। अंत में सभी सम्भागियों को प्रीतिभोज के लिए आमन्त्रित किया गया। समारोह का सफल सञ्चालन श्री रमेश देवड़ा तथा किशनलाल साँखला ने संयुक्त रूप से किया।

**माली (सैनी) कर्मचारी कल्याण संस्थान, जोधपुर**


**संस्थान की नवकार्यकारिणी निर्वाचित –**

संस्थान द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी श्री किशनलाल साँखला के मार्गदर्शन में संस्थान की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव करवाये गये जिसमें निम्नानुसार निर्विरोध रूप से नवीन कार्यकारिणी निर्वाचित घोषित की गयी

संरक्षक 1. श्री रामचन्द्र भाटी 2. श्री रमेशचन्द्र देवड़ा
अध्यक्ष - श्री कैलाश सोलंकी
व. उपाध्यक्ष - श्री गोपालराम भाटी
उपाध्यक्ष - श्री प्रकाशसिंह गहलोत
सचिव - श्री रवीन्द्र पंवार
सहसचिव - श्री जगदीश गहलोत
कोषाध्यक्ष - श्री महेन्द्र सिंह भाटी
संगठन सचिव - श्री जनकसिंह सोलंकी
कार्यकारिणी सदस्य - आठ (अन्य)

चुनाव अधिकारी श्री किशनलाल साँखला (शिक्षा अधिकारी)ने वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर नव निर्वाचन कार्यकारिणी की घोषणा की।





## सुमेरपुर के वाणिज्यिक कर अधिकारी सोलंकी सहायक आयुक्त के पद पर पदोन्नत



सुमेरपुर। राज्य के वित विभाग ने आदेश जारी कर सुमेरपुर के वाणिज्यिक कर अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार सोलंकी को सहायक आयुक्त के पद पर पदौन्नत किया है उन्होंने गत दिनों इस पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है । जोधपुर निवासी सोलंकी समाज के वरिष्ठ समाज सेवी हैं राजस्थान लोक सेवा आयोग से आर.ए.एस. अन्य सेवाओं (Allied Service) में चयनित सोलंकी ने वर्ष 1992 में वाणिज्यिक कर विभाग में सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी पर पद भार ग्रहण किया। आप मकराना, नागौर, जालौर व जोधपुर में अपनी सेवाएं दे चुके है। वर्ष 2008 में वाणिज्यिक कर अधिकारी पद पर पदौन्नति आप जोधपुर में पदासीन रहे। श्री सोलंकी माली सैनी कर्मचारी कल्याण परिषद, जोधपुर नागौर में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते है। अखिल भारतीय महात्मा ज्योति बा फूले समता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री मोतीभाई सांखला, वरिष्ठ समाज सेवी श्री नरेन्द्र कच्छवाहा तथा वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नरेन्द्र गहलोत ने उनकी इस सफलता पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

## श्री नंदकिशोर गहलोत सम्मानित



माली सैनी कर्मचारी कल्याण संस्थान के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि श्री नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा, शहर जिला जोधपुर भाजपा अध्यक्ष ने श्री नन्दकिशोर गहलोत को श्रीफल साफा माला पहनाकर सम्मानित किया।

श्री नन्दकिशोर गहलोत, 26 जनवरी, 2012 को जयपुर के राज्य स्तर पर राज्यपाल श्री शिवराज पाटिल और राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा सम्मानित किया जा चुका है । उनकी इसी उपलब्धि से माली सैनी कर्मचारी कल्याण संस्थान द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माली सैनी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश देवड़ा, श्री रमेश देवड़ा, श्री रविन्द्र पंवार, श्री रामचन्द्र भाटी, श्री गोपाल भाटी, श्री कैलाश सोलंकी, श्री देवेन्द्र पंवार, श्री देवीलाल गहलोत, श्री सुरेन्द्र भाटी, श्री जगदीश चन्द्र गहलोत, श्री चन्द्र प्रकाश चौहान, श्री सत्यनारायण तंवर आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

राजस्थान माली–सैनी जागृति संस्थान (पाली) राज. द्वारा आयोजित

# संयुक्त दीपावली स्नेह मिलन समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न

2 दिसम्बर 2012/जैतारण (पाली)




स्थानीय माली–सैनी समाज छात्रावास (जोधपुर रोड, डाक वंगले के पास) के प्रांगण में सम्पूर्ण विधान सभा क्षेत्र (जैतारण–पाली) के जन प्रतिनिधि तथा स्वजाति संगठनो का संयुक्त दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम पूर्ण उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। स्नेह मिलन समारोह के मुख्य अतिथि श्री राज गहलोत थे तथा अध्यक्ष श्री अमराराम भाटी (पूर्व उपप्रधान, पं.सं. जैतारण) स्वागताध्यक्ष की भूमिका का निर्वाह स्थानीय माली–सैनी समाज के अध्यक्ष श्री नारायणलाल गहलोत ने किया। आयोजन स्थल के मुख्यद्वार पर अतिथियों के शुभागमन के अवसर पर परम्परागत तरीके से कुंकुम–तिलक कर तथा सुंगधित माल्यार्पण द्वारा सभी अतिथियों का भावभीना स्वागत किया गया। सभी अतिथि स्वागत में समानता तथा आत्मीयता देखकर भाव विभारे हुए बिना नहीं रह सके। स्वागत सत्कार की रस्म के पश्चात् सभी अतिथियों ने सानंद–सप्रेम अल्पाहार ग्रहण किया। इसके ठीक पश्चात् अतिथियों सहित सभी आगन्तुक सम्भागियों ने कार्यक्रम के लिए बनाये गये पाण्डाल में आकर अपने लिए निर्धारित स्थान ग्रहण किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों ने मंच पर स्थापित संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज के चित्र को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया, इसके साथ ही स्नेह मिलन समारोह का विधिवत् शुभारम्भ हुआ। प्रारम्भ में समारोह के आयोजक तथा जैतारण माली समाज के समाजसेवी श्री लक्ष्मीनारायण गहलोत ने समारोह के लिए निर्धारित कार्यक्रम का संक्षिप्त किंतु सारगर्भित परिचय कराया। आपके पश्चात् कार्यक्रम आयोजन सहयोगी श्री पन्नालाल पालड़िया ने राजस्थान माली–सैनी संस्थान शाखा–जैतारण (पाली–राज.) की वर्तमान गतिविधियों एवं भावी योजनाओं का परिचय कराया।

ततश्च राज पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने आगन्तुक अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पुनश्च समारोह को सम्बन्धित करने का क्रम प्रारम्भ हुआ जो कार्यक्रम सम्पन्न होने तक जारी रहा। प्रथम वक्ता के रूप में श्री सुंदर मामा (ब्यावर) ने समारोह को सम्बोधित किया। आपने अपने सम्बोधन में समाज की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की तथा आवश्यकताओं को प्रतिपादित किया। आपके पश्चात् श्री चुतराराम भाटी (एडवोकेट) श्री भागीरथ भाटी (व्याख्याता) श्री अमरचंद सोलंकी (कोषाध्यक्ष–माली समाज संस्थान, जैतारण) आदि ने श्री समारोह को सम्बोधित करते हुए सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन बालिका शिक्षा प्रोत्साहन विषयक अपने–अपने विचार अभिव्यक्त किए। इस बीच राज पब्लिक स्कूल की बालिकाओं ने राजस्थानी गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियाँ को स्वस्थ मनोरंजन किया। तदनन्तर ज्ञानदीप माध्यमिक विद्यालय की कुं. आरती गहलोत ने ''बालिका शिक्षा''विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कर अपने वाक्चातुर्य का परिचय दिया। अतिथियों ने बालिका आरती गहलोत को भाषण कौशल के लिए नकद राशि से पुरस्कृत भी किया। इसी क्रम में जैतारण निवासी श्री राजू माली के पुत्र लोचन माली को उसकी ईमानदारी के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि बालक लोचन माली को किसी व्यक्ति का गुमा हुआ मोबाईल फोन प्राप्त हुआ जो तीस हजार रुपये की कीमत का था। बालक लोचन ने अपनी ईमानदारी व इंशानियत का परिचय देते हुए मोबाईल इसके वास्तविक मालिक तक पहुँचाया जिसके लिए बालक को गत गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जिलाधीश, पाली द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

स्नेहमिलन समारोह के मंचस्थ अतिथियों में विशिष्ट अतिथि के रूप में विराजित श्री भेणाराम गहलोत (पूर्व अध्यक्ष) नगर पालिका, जैतारण ने समारोह को सम्बोधित किया। आपने पहले सम्बोधन में समारोह के आयोजको को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया एवं कहा कि समय–समय पर ऐसे समारोह आयोजित होते रहने चाहिये। आपने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि समाज में कुरीतियों के निवारण के लिए कार्यकर्त्ता जैसा कहते हैं वैसा करते नहीं हमारी कथनी व करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। समारोह के अन्य विशिष्ट अतिथि श्री राम किशोर चौहान ने भी समारोह को सम्बोधित किया और कहा कि अशिक्षा सभी बुराइयों की जड़ है अतः समाज में शिक्षा के अधिकाधिक प्रचार–प्रसार के लिए प्रयत्न किया जाना चाहिए। शैक्षिक जागरूकता से समाज में स्वतः कुरीतियाँ समाप्त होकर नये रीति रिवाजों की स्थापना होगी। और यह समय की आवश्यकता भी है। हमें समय के साथ चलना ही होगा अन्यथा विकास की दौड़ में बहुत पीछे रह जायेंगे। बाद में अध्यक्ष श्री अमराराम भाटी (पूर्व



उप प्रधान पं.सं. जैतारण) ने स्नेह मिलन समारोह को सम्बोधित किया। आपने अपने सम्बोधन में सामाजिक एकता पर बल दिया और कहा कि एकता के अभाव में राजनैतिक क्षेत्र में उन्नति संभव नहीं है। श्री भाटी ने कहा कि राजनैतिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उम्मीदवारों का सही चुनाव, सभी संवर्ग के मतदाताओं से सम्पर्क व समर्थन तथा उच्च स्तरीय राजनेताओं से सतत् व भावी सम्पर्क आवश्यक है। भरतपुर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं कार्यकर्त्ता श्री भागचंद सैनी (भरतपुर) ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में विद्यमान ''केंकड़ा प्रवृत्ति'' विकास में प्रमुख बाधा है। आपने केंकड़ा प्रवृत्ति को स्पष्ट करते हुए कहा कि समाज का कोई व्यक्ति आगे बढता है तो अपने ही लोग उसकी ''टाँग'' पकड़ कर खींचते है ताकि वह आगे नहीं बढ़ सके। इस प्रवृत्ति को रोकना होगा। इनके अतिरिक्त श्री विजय प्रकाश सोलंकी (निम्बोल) श्री चन्द्रप्रकाश देवड़ा (निमाज) श्री मदनलाल भाटी (किशन नगर) श्री ओमप्रकाश तंवर, श्री अशोक सैनी (जैतारण) श्री ओमप्रकाश माली (बलाड़ा) श्री मूलाराम बागड़ी (वर) श्री हनुमन्त बागड़ी वर

श्री सुगनचंद भाटी, श्री माणकजी भाटी (आ.पु. कालू) श्री धर्माराम भाटी (आ.पु.कालू) श्री शंकरलाल सोलंकी (निमाज) श्री बाबूलाल गहलोत (सोजत) श्री धन्नाराम भाटी (बर) ने भी स्नेह मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त दिये।

समारोह के सञ्चालक किशनलाल साँखला ने इस बीच समारोह मे उपस्थित सम्भागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में सेवा संस्थानो का अभाव है। लोगों का दिल जीतने के लिए उनकी सेवा करनी आवश्यक है। हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत भी प्रायः कहते रहते हैं कि सच्चा समाज सेवी वहीं है जो छतीस कौम के लोगो की सेवा करे। जन सेवा की भावना रखने और वास्तव में सेवा करने वाला ही आगे बढ़ता है। आजकल बिना सेवा किये ही लोग आगे बढ़ना चाहते है जो असंभव है। श्री साँखला ने जैतारण (पाली) में एक सेवा संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव रखा जिसका उपस्थित सम्भागियों ने तुरंत अनुमोदन करते हुए संस्थान को भरपूर सहयोग, समर्थन देने का वादा किया। सेवा संस्थान की स्थापना के प्रति लोगो में इतना जबरदस्त उत्साह था कि एक–एक करके 30 लोगों ने ग्यारह हजार रु. (प्रस्तावित आजीवन सदस्यता शुल्क) देकर आजीवन सदस्यता ग्रहण करने के लिए अपनी सहमति भी प्रदान कर दी। स्वयं श्री साँखला ने एक लाख रु. देकर सेवा संस्थान की संस्थापक सदस्यता स्वीकार की। स्नेह मिलन समारोह के अध्यक्ष श्री अमराराम भाटी (पूर्व उप प्रधान) ने भी एक लाख ग्यारह हजार रूपये देकर सेवा संस्थान की संस्थापक सदस्यता स्वीकार की। उपस्थित जनसमूह ने जैतारण में प्रस्तावित सेवा संस्थान की स्थापना को बहुत ही शुभ माना तथा उत्साह के साथ तन–मन–धन से सहयोग व समर्थन देने की इच्छा भी जतायी।

तत्पश्चात् समारोह के मुख्य अतिथि श्री राज गहलोत (जोधपुर) ने स्नेह मिलन समारोह को सम्बोधित किया। आपने ऐसे स्नेह सम्मेलन समारोह के आयोजन के लिए तथा उन्हे मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित करने के लिए आयोजन कर्त्ताओं को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में पारस्परिक स्नेह–सौहार्द की वृद्धि होकर एकता को बढावा मिलता है। साथ ही ऐसे आयोजन से एक साथ मिलकर विकास के मुद्दों पर चिंतन करने का सुअवसर प्राप्त होता है। आपने कहा कि समाज के विकास का प्रमुख आधार शिक्षा है। वर्तमान में विज्ञान, कम्प्यूटर एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना चाहिये। बालक/बालिकाओं को इन क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त मार्गदर्शन, सुविधाएँ व सहयोग उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। सर्वांगीण विकास के लिए राजनैतिक क्षेत्र में भागीदारी भी आवश्यक है। जनसंख्या के आधार पर योग्य उम्मीदवार का चयन कर सभी वर्गों के सहयोग/समर्थन से राजनैतिक उपलब्धि प्राप्त की जा सकती है। किसी भी दल के टिकट की दावेदारी के लिए जनता की सेवा कर उसका सहयोग व समर्थन प्राप्त करें तो विजय श्री प्राप्त की जा सकती है। आपने जागृति संस्थान के कार्यकर्त्ताओं को समाज में जागृति के लिए कदम उठाने के लिए भी बधाई दी।

सञ्चालक श्री अविनाश गहलोत ने अंत में समारोह में उपस्थित होकर आयोजन कर्ताओं का उत्साहवर्द्धन करने, शांतिपूर्वक भाग लेने व सञ्चालन में सहयोग के लिए सबके प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया तथा समारोहोपरांत सबसे लिए प्रबंधित सामूहिक प्रीतिभोज का आनंद लेने हेतु आमंत्रित किया। स्नेह मिलन समारोह का संयुक्त सञ्चालन श्री अविनाश गहलोत एवं किशनलाल साँखला ने किया। सभी सम्भागियों ने अत्यंत प्रेमपूर्वक सामूहिक प्रीतिभोज का आनंद लेकर निकट भविष्य में फिर मिलने की कामना के साथ विदा ली।

**श्री लक्ष्मी नारायण गहलोत तथा श्री पन्नालाल पालड़िया की सेवाओं की सराहना**

स्नेह मिलन समारोह में श्री गहलोत एवं पालड़िया की सेवाओं की भूरि-भरि प्रशंसा की गयी। आप दोनो विशेष प्रयास कर इस स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जिसके लिए उन्हें साधुवाद दिया गया। उल्लेखनीय है कि दोनों कार्यकर्त्ताओं ने सार्थक प्रयास कर जैतारण में प्रजातांत्रिक तरीके से चुनाव सम्पन्न कराये। आज नयी कार्यकारिणी सफलता पूर्वक समाज में विकास के कार्य करना रही है। आशा करते हैं कि भविष्य में इसी जागरूकता के साथ इनकी सेवाएँ समाज को मिलती रहेंगी। दोनों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक मंगल कामनाएँ –

**किशनलाल साँखला**

# सेवा संस्थान, जैतारण (पाली) का बढ़ता कारवां

2 दिसम्बर 2012 को जैतारण में दीपावली स्नेह मिलन समारोह के अवसर पर जैतारण (पाली) में सेवा संस्थान की स्थापना को जोरदार सहयोग एवं समर्थन मिल रहा है। स्नेह मिलन समारोह के अवसर पर ही 30 महानुभावों ने इस संस्थान की सदस्यता स्वीकार कर ली। सदस्यों की पर्याप्त संख्या को देखते हुए अग्रिम कार्यवाही किया जाना तय किया गया है। इसके अंतर्गत संस्थान की प्रथम कार्यकारिणी का चुनाव, संस्थान का नामकरण,संस्थान का नामकरण, संस्थान का रजिस्ट्रेशन करवाया जाना है। संस्थान का रजिस्ट्रेशन हो जाने पश्चात् बैंक के संस्थान का खाता (Account) खुलवाया जायेगा। सदस्यता शुल्क, अनुदान राशि इसके बाद ही स्वीकार की जायेगी। अतः सेवा संस्थान में सहयोग के इच्छुक महानुभावों से निवेदन है कि अभी इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं करें। संस्थान को सक्रिय करने का एक सुनियोजित चरणबद्ध कार्यक्रम है इसी के अनुसार अपना सहयोग/समर्थन देवें।

**फिलहाल संस्थान की कार्यकारिणी के चुनाव दिनांक 13 जनवरी 2013 को प्रातः 11 बजे माली समाज बगीची (प्राइवेट बस स्टेण्ड के पास) जैतारण में करवाना तय किया गया है। अतः अब तक जिन महानुभावों में संस्थान की सदस्यता (आजीवन/संस्थान) स्वीकार की है वे कृपया निर्धारित दिनांक को चुनाव स्थल पर प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर निम्न पदों के लिए चुनाव कराने में सहयोग करें–**

**सेवा संस्थान की कार्यकारिणी के संभावित पद –**

**1. अध्यक्ष 2. वरिष्ठ उपाध्यक्ष 3. उपाध्यक्ष 4. सचिव 5. सहसचिव 6. संगठन सचिव 7. प्रचार मन्त्री 8. कोषाध्यक्ष 9. कार्यकारिणी सदस्य–तीन कुल – 11 (ग्यारह)**

इसी बैठक में संस्थान के अस्थायी कार्यालय, संस्थान के नामकरण, संविधान के प्रारूप तथा संस्थान के पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) के बारे में भी विचार कर निर्णय किया जायेगा। अतः अब तक संस्थान की सदस्यता स्वीकार कर चुके और सदस्यता के इच्छुक महानुभावों से अनुरोध है कि कृपया उक्त बैठक में समय पर पधार कर सेवा संस्थान को शीघ्र सक्रिय करने की कार्यवाही में सहयोग करें।

तन से सेवा कीजिए, मन से भले विचार।<br>
धन से इस संसार में करिए पर उपकार॥

**सेवा संस्थान में सेवा दल के गठन की तैयारी–**

सेवा संस्थान, जैतारण (पाली) में एक सेवादल का गठन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ऐसे स्वयं सेवक तैयार करना है जो जरूरत पड़ने पर अपनी सेवाएँ (निःशुल्क) उपलब्ध करा सकें। ऐसे व्यक्ति/युवक/युवतियाँ जो संस्थान को आर्थिक सहायता नहीं दे सकते किंतु सेवा की भावना हृदय में रखते है ऐसे सभी व्यक्तियों को सेवा संस्थान के सेवादल की सदस्यता स्वीकार करनी चाहिए। सेवा संस्थान की स्थापना का मूल उद्देश्य समाज की, मानव तथा मूक प्राणियों की सेवा करना है। जो समय नहीं दे सकते। और सक्षम है। उन्हें आर्थिक सहयोग प्रदान करना चाहिये ताकि सेवा के संसाधन उपलब्ध करवाये जा सके। अन्य सेवार्थियों को तन-मन से सेवाएँ प्रदान करनी है। ऐसे सभी इच्छुक सेवार्थी संस्थान की सदस्यता स्वीकार करें। ऐसे सभी इच्छुक स्वयं सेवकों को सेवादल के सदस्य के रूप में अपना पंजीकरण करवाना चाहिए। ताकि आवश्यकतानुसार उनकी सेवाएँ ली जा सके। इच्छुक सेवार्थी संस्थान के सदस्यों/ पदाधिकारियाँ/कार्यकर्त्ताओं से सम्पर्क करें।

**उत्थान-पतन, जीना-मरना सब विधिविधान कहलाते है<br>
हम भोग भोगने को जग में कुछ स मय यहाँ पर आते है।<br>
जीना तो उसका जीना है, जो औरों का हित कर जाते हैं।<br>
वे ईश्वर के दूत बनकर मरकर भी अमर हो जाते हैं।**

## प्रस्तावित सेवा संस्थान, जैतारण (जिला – पाली) राज.

**संस्थान की स्थापना का अनुमोदन, सदस्यता अभियान में उत्साह**

जैतारण 2 दिसम्बर 2012, राजस्थान माली (सैनी) जागृति संस्थान, जैतारण (पाली) राज. के तत्वावधान में आयोजित ''दीपावली स्नेह मिलन'' के अवसर समारोह के सञ्चालक किशनलाल साँखला द्वारा जैतारण (पाली) में सेवा संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव रखे जाने पर वहाँ बड़ी संख्या में उपस्थित जन प्रतिनिधियों/कार्यकर्त्ताओं ने प्रस्ताव का अनुपम उत्साह के साथ अनुमोदन किया तथा जबरदस्त सहयोग एवं समर्थन देने का वादा भी किया। श्री साँखला द्वारा संस्थान की दो तरह की सदस्यता (प्रथम–न्यूनतम 11 हजार रु.) देकर आजीवन सदस्यता, द्वितीय–न्यूनतम एक लाख रु देकर संस्थापक सदस्यता) की घोषणा करने पर स्नेह मिलन समारोह के अध्यक्ष श्री अमराराम भाटी (पूर्व उपप्रधान पं.सं. जैतारण) ने एक लाख ग्यारह हजार रु. दैकर संस्थापक सदस्यता स्वीकार की। आपके अतिरिक्त अन्य 32 भाग्यशाली, समाज सेवियों ने ग्यारह हजार देकर सेवा संस्थान की आजीवन सदस्यता स्वीकार की। आजीवन सदस्यता का यह अभियान निर्विघ्न चल रहा है

## सेवा का फल

**रामगोपाल सैनी**<br>
(समाजसेवी)

जीना उसका क्या जीना है, जो अपना ही भला करे।<br>
कभी न जाने पीर पराई, सद्मार्ग न चला करे।।<br>
पशु भी इतना कर लेता है, खाता-पीता सो लेता है।<br>
हीरा काया समझ न पाया, मूरख यूं ही खो देता है।।<br>
जीना उसका सफल बनेगा, सबको देखे एक समान।<br>
काम सदा ही अच्छे करते, मन में कुछ भी नहीं गुमान।।<br>
जीने की वो राह बताए, अपना फर्ज निभाते हैं।<br>
नि:शक्तों का बने सहारा, लोक चेतना लाते हैं।।

राजा हो या रंक सभी को, ले जाते हैं यम के दूत।<br>
सेवाधारी चढ़े पालकी, बिरले जग में पूत सपूत।।<br>
मौसम प्यारा आए बसंती, कुछ दिन टेसू फूल खिले।<br>
पखवाड़े का शुक्ल पक्ष है, चंदा आकर खूब फले।।<br>
जैसी करनी वैसी भरनी, कर्म का फल पाएगा।<br>
आप बबुला खेती बोए, आम कहां से खाएगा।।<br>
मानवता को उठो जगाओ, काम कराओ यहां भले।<br>
बड़े भाग से नर तन पाया, बार-बार ये कहां मिले।।

# आदर्श राजनीतिज्ञ व प्रशासक अशोक गहलोत

– **डॉ. सत्यनारायण सिंह** (रिटा. आई.ए.एस.)



**समृद्धि और सफलता हमारे विचारों और फैसलों का नतीजा होती है, सफलता मेहनत ईमानदारी समझदारी के खंभों पर टिकी होती है । जीत के लिए कोई प्रेरणा आवश्यक है। समस्याओं और असफलता के बावजूद विपरीत स्थितियों में भी जो व्यक्तिसकारात्मक सोच व विश्वास के साथ स्पष्ट एवं स्वच्छ उद्देश्यों की ओर बंधे वही असली व सफल नेता है जो देश, प्रांत का भविष्य बदल सकता है।**

विधानसभा में बजट भाषण के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा गांधी के संदेश को दोहराते हुए कहा था- एक सच्चे सिपाही आगे बढ़ते हुए यह विवाद नहीं करता कि अंततोगत्वा सफलता कैसे मिलेगी, लेकिन उसे दृढ़ विश्वास होता है कि यदि वह अपनी छोटी सी भूमिका को भी विनम्रता से निभा ले तो वह कैसी भी हो संघर्ष में विजयी होगा। हम भविष्य को नहीं जानते लेकिन वर्तमान में अपनी भूमिका अच्छी तरह निभा सकते हैं। सफलता इस बात से नहीं मापी जाती कि हमने जिन्दगी में कौनसा ओहदा हासिल किया है बल्कि इस बात से मापी जाती है कि हम जिन्दगी में दूसरे लोगों की तुलना में कैसी व कितनी उपलब्धियां हासिल कर रहे है। सफलता का आकलन असफलता से गिरकर दूने जोश व क्षमता से उठने में है। सफल लोग छोटे-छोटे कामों को महान ढंग से करते है, जो मुसीबत की घड़ी में शक्ति व विश्वास का अनुभव करते है। सफल नेता वो है जो हवाओं के साथ उड़ने की बजाए हवाओं की दिशा मोड़ने में सफल हो । जो नदी का टापू साबित हो। हालात को चुनना तो हमारे बस में नही होती अपना नजरिया और वह भी विजेता का, हम चुन सकते है बिगड़े हालात का सामना जिम्मेदारी, साहस व शिकार से करे।

यही नेतृत्व की निशानी है। समृद्धि और सफलता हमारे विचारों ओर फैसलों का नतीजा होती है, सफलता मेहनत ईमानदारी समझदारी के खंभो पर टिकी होती है। जीत के लिए कोई प्रेरणा आवश्यक है। समस्याओं और असफलता के बावजूद विपरीत स्थितियों में भी जो व्यक्ति सकारात्मक सोच व विश्वास के साथ स्पष्ट एवं स्वच्छ उद्देश्यों की और बंधे वही असली व सफल नेता है जो देश, प्रांत का भविष्य बदल सकता है।

हमारे प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अशक्त व गरीब के प्रति हमदर्दी इच्छाशक्ति, वचनबद्धता, उच्चकोटि के गांधीवादी विचार से प्राप्त की। एनएसयूआई के पदाधिसकारी से अपनी मेहनत, सेवा, सकारात्मक सोच व विश्वास के भरोसे संसद में पहुंचे। अपनी मेहनत, ईमानदारी, सरल व्यवहार, सादगी व वफादारी के बल पर केन्द्रीय मंत्री मंडल में सम्मिलित हुए। संगठन शक्ति के बल प्रांतीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने। उनके पीछे कोई जाति शक्ति नहीं थी, कोई गॉड वफादार नहीं था। इस सिद्धांत पर चले कि जितना पाते है उससे अधिक दें। ऐशों आराम की जिन्दगी जीने की बजाए प्रात: से अर्द्धरात्रि तक 16 से अधिक घंटे काम जुटे रहते है। दृढ़ता की शक्ति अपने सरल सीधे कार्य व्यवहार से उन्होंने पार्टी व प्रदेश की राजनीति में ही नहीं केन्द्र में भी एक स्थान बनाया। अपनी पहचान व प्रतिष्ठा बनाई। युवा गहलोत जब एनएसयूआई के अध्यक्ष थे तो उन्होने संगठन से जुड़े छात्रों व युवकों के लिए आचार-संहिता बनाई जिसमें स्पष्ट लिखा गया कोई संगठन का पदाधिकारी पद के नाम से निजी लाभ नहीं लोगो, धन का बेहूदा प्रदर्शन नही करेगा, निरन्तर सादगी से रहेगा, मदिरापान नहीं करेगा, भ्रष्ट आचरण, छात्राओं से अभद्र व्यवहार नहीं करेगा। प्रवास में यात्रा व आलीशान होटल में नहीं ठहरेगा। गहलोत का स्पष्ट मत है कि जातिवाद व साम्प्रदायिकता का स्वस्थ लोकतंत्र में स्थान नहीं है। भ्रष्टाचार की समाप्ति के लिए उनकी सोच है कि चुनावों में उम्मीदवारों को व्यय करने हेतु सरकार से पैसा दिया जाए। जब तक चुनावों में व्यवसयिक एवं औद्योगिक घरानों से उम्मीदवारों को ब्लैक मनी मिलेगी भ्रष्टचार समाप्त नहीं होगा। उन्होंने भ्रष्टाचार, मिटाने के लिए श्रीमती सोनिया गांधी के पांच सूत्री फार्मूले का समर्थन ही नहीं किया अमल किया। मंत्रिमंडल के सदस्यों व उच्च पदों के पदाधिकारियों के साथ सभी अधिकारियों के साथ सभी अधिकारियों को अपनी समर्पित की घोषणा करने का नियम लागू किया। मंत्रियों का स्वविवेक व स्वेच्छा से अलाटमेंट आदि के अधिकार समाप्त किए। राज्य की नई खनिज नीति में स्पष्ट प्राथमिकताएं निर्धारित की। गहलोत द्वारा प्रारम्भ की गई आबकारी नीति का भी कहीं कोई विरोध नहीं हुआ। मिलावट की रोकथाम के लिए विरोध के बावजूद उनके द्वारा शुद्ध के लिए युद्ध कार्यक्रम लागू किया गया। स्पष्ट कहा कि छोटे-छोटे कामों के लिए ग्रामीणों व आमजन को रिश्वत देनी पड़ती है, राशनकार्ड, आय, जन्म-मृत्यु, जाति प्रमाणपत्र आदि छोटे-छोटे कामों के लिए रिश्वत देनी पड़ती है, दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते है। प्रशासन शहरों के संग व प्रशासन गांवो की ओर अभियान से हजारों लाखों आम जनता के छोटे-छोटे कार्य किए गए और किए जा रहे है। उन्होंने जिलाधीशों, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को दूरस्थ गांवों में रात्रि विश्राम व जन सुनवाई करने के आदेश दिए। प्रत्येक जिले का प्रभारी मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार जिले की योजनाओं व कार्यक्रमों व निरीक्षण व परीक्षण करने की प्रथा कायम की। जिला प्रशासन के कामों में व कमेटियों में अपने दल के सदस्य का मनोंनयन के साथ विशेषज्ञों व समाजसेवियों, एनजीओज के प्रतिनिधियों का मनोनयन कर प्रशासन का राजनीकिरण नहीं होने दिया।

गहलोत ने प्रशासन की नीतियों व कार्यक्रमों में क्या करना है इस बाबत स्पष्ट निर्णय लिया, कैसे होगा व कौन करेगा, इसका निर्धारण किया और जो अधिकारी राज्य की नीति की अनुसार कार्य कर लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सके, उनका तबादला किया। गहलोत ने अधिकारियों की राजनीति के साथ नहीं जोड़ा, जो योग्य अधिकारी गत भाजपा सरकार में उपयुक्त एवं जिम्मेदारी के पदों पर थे, उनको शंका की नजर से नहीं देखा व योग्यतानुसार कार्य सौपा। गहलोत के शासनकाल में प्रशासन में उच्च पदो पर नियुक्तियां सभी वर्गो को प्रतिनिधित्व देने के हिसाब से की गई। उन्होंने महिला ओबीसी मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक मुख्यसचिव, अनुसूचित जाति डीजीपी नियुक्त किए। सर्वाधिक जोर सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की योजनाओं, विशेषकर, बाल, महिला, वृद्ध, पेंशनर, अल्पसंख्यक व नि:शक्त जनों को राहत के कार्यो पर दिया गया। मैंने राजस्थान के निर्माण के साथ ही प्रदेश की राजनीति व राजनीतिज्ञों के कार्य व्यवहार को देखा है, एक-दूजे के प्रति सम्मान व समन्वय को देखा है।

गहलोत ने कार्यभार संभालते ही दो स्पष्ट घोषणाएं की थी। एक थी अगले पांच साल किसानों को दी जा रही बिजली की दरों में वृद्धि नहीं होगी, और दूसरी उससे भी महत्वपूर्ण, कि बदले की भावना से किसी विपक्ष या अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही नहीं करेंगे। सहरिया क्षेत्र के दौरे में उन्होंने विपक्ष की नेता को बहन कहा और उसे निभाया। प्रदेश का पुन: बीमार राज्य होने व खजाना खाली होन के आरोप का भी उन्होने समुचित उत्र दिया और कहा 'खजाना भरा है, खर्च की सलाह दें। पैसा उड़ाना अलग बात है, उसे योजना बनाकर विकास में खर्च करना अलग बात है। गहलोत की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने कठिन से कठिन समस्या को आपसी सौहार्द्र व बातचीत से हल किया। उनके अब तक के शासन में उत्तेजना भड़काने के बावजूद कठिन से कठिन परिस्थिति उत्पन्न होने पर भी गोली नहीं चलाई गई। उन्होंने हर समस्या के प्रति संवेदनशील व सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया। कठोर रवैया अपनाने या प्रेस्टिज इश्यू बनाने की बनाए की बजाए लचीला व सहयोगात्मक रूख अपनाकर उसे हल करने का प्रयत्न किया। गहलोत प्रदेश में देश-विदेश कैसे विनिवेश ला चाहते है। सिंगल विंडो सिस्टम विंडो सिस्टम प्रारंभ किया। विद्युत से विनिवेश लाना चाहते हैं सिंगल विंडो सिस्टम प्रारंभ किया। विधुत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर करना चाहते है। पेयजल की समस्या हल करने को पूरा प्रयास कर रहे है। प्रदेश को बंबई, दिल्ली औधोगिक कोरिडोर कर लाभ अधिकाधिक दिलाना चाहते है। रिफाईनरी, उच्च शिक्षण केंद्र व बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाकर राज्य का चहुंमुखी विकास करना चाहते है।

**सबसे महत्वपूर्ण है- उनका निष्काम भाव से जनसेवा में लगे रहना।**

# केकड़ी में 45 जोड़े बने हमसफर

केकड़ी। फूल मालियान समाज का चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन 24 नवम्बर, शनिवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ जिसमें अग्नि के सात फेरे लेकर 45 जोड़े हमसफर बने। इस मौके का साक्षी बनने के लिए केकड़ी सहित आस-पास के भीलवाड़ा,टोंक, अजमेर, बूंदी, कोटा, जयपुर सहित कई गांवों से माली समाज के हजारों महिला-पुरूष एकत्रित हुए जिससे शहर के हजारों महिला-पुरूष एकत्रित हुए जिससे शहर के कादेड़ा रोड़ पर दिन भर मेले जैसा माहौल शहर के कादेड़ा रोड़ पर दिन भर मेले जैसा माहौल बना रहा ।

सम्मेलन के वैवाहिक कार्यक्रम शनिवार को सुबह विनायक स्थापना के साथ शुरू हुए। बाद में पुरानी केकड़ी स्थित चारभुजा मंदिर के ठाकुर जी के विमान के साथ कलशयात्रा निकाली गई जिसमें समाज की कई महिलाएं सम्मिलित हुई। यह कलशा यात्रा खिड़की गेट, सरसड़ी गेट, भैरू गेट होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची। जहां कलश स्थापना के बाद बारात स्वागत और तोरण के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। दोपहर सवा एक बजे समाज के हजारों लोगों के बीच पाणिग्रहण संस्कार प्रारंभ हुए जिनके संपन्न होने के बाद सभी जोड़ों को समिति की ओर से उपहार देकर विदाई दी गई। समिति के अध्यक्ष बद्री लाल बाथरा ने बताया कि विवाह समिति की ओर से प्रत्येक जोड़े को ढ़ाई ग्राम सोने और सौ ग्राम चांदी के आभूषण, पलंग व बर्तन दिए गए । इनके अलावा क्षेत्रीय विधायक रघु शर्मा की ओर से प्रत्येक जोड़े को पांच सौ रूपये, पप्पूलाल कटारिया द्वारा प्रत्येक जोड़े को टिफिन, मेहन्दवास निवासी छीतर मल पारेता द्वारा प्रत्येक जोड़े को स्टील का जग, नया गांव निवासी भैरू लाल मारोठिया द्वारा प्रत्येक जोड़े को स्टील की ट्रे. हीरालाल कच्छावा द्वारा प्रत्येक जोड़े को भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर भेंट की गई।

**मुख्य सचेतक डॉ. रघु शर्मा ने की पॉच लाख रूपये देने की घोषणा-**

सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान आशीर्वाद समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक एवं मुख्य सचेतक डॉ. रघु शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए सम्मेलन के जरिए दाम्पत्य सूत्र में बंधने वाले वर-वधुओं को अपनी ओर से आशीर्वाद दिया और शहर के गूजरवाड़ा क्षेत्र में स्थित माली समाज के संस्था भवन में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पांच लाख रूपये देने की घोषणा की। जिसका माली समाज के लोगों ने स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए बजरंग लाल सिंगोदिया ने नव युगलों को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। इस समारोह में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव ओमप्रकाश राजोरिया ने सफल सम्मेलन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए समर्पण भाव के साथ दिन-रात लगकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया वह न केवल प्रशंसा के योग्य है अपितु पीठ थपथपाने लायक है। जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भवानी शंकर माली, प्रदेश महिला कांग्रेस समिति की सचिव शीला सैनी, माली समाज जयपुर के उपाध्यक्ष भगवानसहाय कटारिया, भीलवाड़ा के युवा पत्रकार व फूले विचार वाटिका क संपादक गोपालाल माली, भीलवाड़ा के सामजसेवी बंशीलाल माली ने भी शिरकत की और सामुहिक विवाह सम्मेलन के इस सफल अयोजन को लेकर माली समाज के लोगों के सामूहिक प्रयासो की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। नगर पालिका अध्यक्ष रतनलाल नायक ने भी शनिवार को दोपहर आयोजन स्थल पर पहुंच कर नवववाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया।

समारोह के प्रारंभ में विवाह समिति की ओर से अध्यक्ष बद्रीलाल बाथरा, सांस्था अध्यक्ष रामलाल कटारिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामधन किरोड़ीवाल, संरक्षक रोडूराम, गढ़वाल, सचिव नन्दलाल अलुदिया, कोषाध्यक्ष अशोक बागड़ी, गीलु राम माली साहित समिति के अन्य पदाधिकारीयों द्वारा मुख्य अतिथि विधायक शर्मा व अन्य अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह का संचालन रामदेव बागड़ और बिगदीचंद सैनी ने किया।

**विजय सैनी ने दिये एक लाख रूपये-** इस सम्मेलन में सबसे सर्वाधिक सहयोग सावर के मार्बल व्यवसायी एवं पींकी मार्बल के सीईओ विजय कुमार सैनी ने एक लाख रूपये सहयोगार्थ समिति को दिये।

# प्रतिभा का विकास समाज का दायित्व-पंवार

सुजानगढ़। महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान क तत्वाधान में माली धर्मशाला में छात्रवृति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थारन, जयपुर के प्रदेशाध्यक्ष श्री मांगीलाल पंवार ने कहा कि प्रतिभा का सम्मान करनरा समाज का कर्त्तव्य है। प्रतिभा का सम्मान करके ही हम समाज की शक्ति को बढ़ा सकते हैं। पंवार ने माली समाज को सक्षम बताते हुए प्रतिभाओं के विकास का आव्हान किया।

समारोह के मुख्य अतिथि बीस सूत्री कार्यक्रम के चुरू अध्यक्ष एडवोकेट श्री आशाराम सैनी ने कहा कि हम सबको समाज की शक्ति को पहचानकर कार्य करना होगा। समाज का तभी भला हो सकता है, जब हम राजनैतिक रूप से सक्षम हो। इसके लिए समाज का एक नेतृत्व स्वीकार करना होगा। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्कार श्री बैजनाथ पंवार ने प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि साहित्कार आचार्य श्री रामगोपाल सैनी फतेहपुर, श्रीमती अनिता सैनी, श्री मदनलाल कम्मा सुजानगढ़ समाजसेवी श्री भंवरलाल सांखला भासीणा, श्री सोहनलाल यादव, श्री किशलाल यादव, पत्रकार श्री वीरेन्द्र भाटी मंगल, श्री रामपाल यादव आदि ने अपने विचार रखे।

समागत अतिथियों का स्वागत करते हुए महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के अध्यक्षा डॉ. कन्हैयालाल सैनी ने कहा कि समाज के लिए प्रतिभावना व जरूरतमंद विद्यार्थियों को नकद छात्रवृति प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कुल अस्सी हजार रूपये नकद की छात्रवृत्ति 79 छात्र-छात्राओं को वितरित की गई। संस्थान के महासचिव श्री सूरजमल यादव ने संस्थान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिथियों का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्री बाबूलाल कारोड़िया, श्री विक्रमसिंह चौबदार, श्रीनेमीचंद सांखला, श्री विजय कुमार सांखला, श्री जितेन्द्र तंवर, श्री कन्हैयालाल देवड़ा, श्री राजकुमार तंवर, श्री मदनलाल तंवर, श्री सोहनलाल टाक, श्री चम्पालाल तंवर, श्री विजय कुमार बागड़ी, श्री खूबाराम भाटी, श्री महेश तंवर, श्री चम्पालाल तंवर, श्री अमरचंद भाटी, श्री गोपाल चौहान, श्री अमित मारोठिया, श्री हुलासचंद तंवर, श्री सागरमल जादम, श्री बजरंगलाल सांखला, श्री अजय सैनिक आदि गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री हंसराज तंवर ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसरपर माली समाज द्वारा

# महात्मा फूले गुरुकुल से जुड़ने का आव्हान






गोन्दिया। 15 दिसम्बर, 2012 महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान की ''शिक्षादान की अभिनव योजना'' को संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शंकराव लिगें, महासचिव श्री रामनारायण चौहान, सदस्यता प्रभारी डॉ. पी. एन. अम्बाडकर, माली समाज प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में विशाल सम्मेलन आयोजित हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान की शिक्षादान अभिनव की योजना की जानकारी देते हुए श्री शंकराव लिगें ने बताया कि एक ही कैंपस में 500 एकड़ जमीन लेकर 1,00,000 विद्यार्थियों के लेकर कक्षा 6 से रोजगार मिलने तक उच्च शिक्षित किया जाएगा। संस्थान की आजीवन सदस्यता का अभियान चतुर्थ चरण का प्रारंभ हुआ है। जिसमें अधिक से अधिक समाज के लोग सदस्य बन रहे है। प्रथम चरण में 10,000 सदस्यों को सदस्यता दी जाएगी।

किरनापुर। शहीद लिखीराम कावरे की पुण्यतिथि पर संस्थान के अध्यक्ष श्री शंकरलाव लिंगे एवं समस्त पदाधिकारियों एवं सैकड़ों लोगों ने शहीद लिखीराम कावरे की तैरवीं पुण्य तिथी पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बालाघाट । महात्मा जोतीराव फुले मांगलिक भवन में माली समाज प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत सोनाने की उपस्थिति में शिक्षादान की अभिनव योजना को लेकर सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें अनेकों समाजबंधुओं ने जिले में सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

इसी तरह वारसियनी, बरघाट, छिन्दवाड़ा एवं सोंसर में भी माली समाज के पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने शिक्षादान की अभिनव योजना को लेकर सदस्यता अभियान हेतु संकल्प लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसके लिए सभी का आभार प्रकट किया।









रामपाल देवड़ा
अध्यक्ष



प्रेमचन्द कच्छवाहा
उपाध्यक्ष



जगदीश पंवार
मंत्री



प्रकाश सांखला
सहमंत्री



नानुराम कच्छवाहा
कोषाध्यक्ष

## राजस्थान सैनिक क्षत्रिय माली संघ, हैदराबाद चुनाव

# श्री रामपाल देवड़ा अध्यक्ष बने

24 दिसम्बर प्रवासी राजस्थानियों के हैदराबाद में हुए चुनावों में श्री रामपाल देवड़ा ने अध्यक्ष पद का चुनाव जीता।

राजस्थान सैनिक क्षत्रिय माली संघ के करीब 30 वर्ष पुरानी संस्था के पहली बार हुए चुनावों में संस्थान के 5082 सदस्यों में से 4211 सदस्यों ने (83 प्रतिशत) मतदाताओं ने भाग लिया।

हैदराबाद से समाज के श्री सुरजमल देवड़ा के अनुसार पहली बार हुए चुनावों में सदस्यों का उत्साह चरम पर था।

रविवार 23 दिसम्बर 2012 को राजस्थानी सैनिक क्षत्रिय माली संघ के कोलसावाड़ी बैगम बाजार स्थित भवन में हुए चुनावों में श्री रामपाल देवड़ा ने श्री रामवल्लभ भाटी को हरा अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर श्री प्रेमचंद कच्छवाहा ने तिलोकचंद भाटी को हराया। मंत्री पद पर श्री जगदीश पंवार ने कर्नल श्री भवरू पंवार को, सह मंत्री पद पर श्री प्रकाश सांखला ने माणक भाटी को तथा कोषाध्यक्ष पद पर श्री नानूराम कच्छवाहा ने श्री लाभचंद भाटी को हराकर पहली बार जीत दर्ज की। समाज के सैकड़ों लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हुए मालाओं से लाद दिया। माली सैनी संदेश परिवार श्री रामपाल भाटी व उनकी टीम के सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके नेतृत्व में समाज के चहुंमुखी विकास एक उन्नति की मंगल कामना करता है।

जनकल्याणकारी योजना

## बीपीएल परिवार की युवतियों के विवाह के लिए सहायता राशि

### योजना का नाम: सहयोग योजना।

**योजना का संक्षिप्त परिचय :** राज्य सरकार की ओर से आर्थिक दृष्टि से कमजोर बीपीएल में चयनित परिवरों की पुत्रियों के विवाह के लिए अनुग्रह/सहायता राशि स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है।

**लाभान्वित वर्ग :** आर्थिक दृष्टि से कमजोर बीपीएल में चयनित परिवार।

**पात्रता के लिए शर्ते :** आवेदक गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करता हो तथा चयनित बीपीएल परिवार का हो । परिवार की अधिकतम 2 कन्या संतानों के विवाह के लिए यह सहायता देय है। विवाह योग्य कन्या की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आयु का प्रमाण पत्र, यदि स्कूल में पढ़ने गई है तो स्कूल का प्रमाण पत्र, यदि स्कूल नहीं गई है तो चेयरमैन नगरपालिका/महापौर नगर निगम//सरपंच/प्रधान द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र मान्य है।

**योजना अंतर्गत प्रदत्त लाभ व देय सुविधाएं :** प्रत्येक कन्या (दो से अधिक न हो) की शादी के लिए दस हजार रूपए की राशि देय है। 10वीं उत्तीर्ण कन्याओं के विवाह पर 5,000 रूपए अतिरिक्त कुल 15,000 रूपए ए वं स्नातक उत्तीर्ण कन्याओं के विवह पर 10,000 रूपए अतिरिक्त कुल 20,000 रूपए देय है।

**आवेदन का तरीका :** निर्धारित आवेदन पत्र में समस्त औपचारिकता पूर्ण कर जिलाधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को प्रस्तुत करें।

आवेदन के साथ औपचारिकताएं : आवेदक की बीपीएल में चयनित परिवार होने के प्रमाण स्वरूप, बीपीएल कार्ड की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करनी होती है तथा चयनित सूची क्रमांक अंकित करना होता है। आवेदन पत्र के साथ सदस्य पंचायत समिति, जिला परिषद, वार्ड सदस्य (पार्षद), अध्यक्ष नगरपालिका, नगर परिषद, महापौर नगर निगम के माध्यम से विधायक/प्रधान की अभिशंषा पर ही राशि स्वीकृत की जाती है।

**निर्धारित समय सीमा :** आवेदन पत्र प्राप्त होन के 7 दिवस में औपचारिकताएं पूर्ण कर 15 दिन में भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर भुगतान किए जाने का प्रावधाना है।

**सम्पर्क सूत्र :** संयुक्त निदेशक योजना एवं प्रभारी महिला कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान जयपुर।

# विवाह योग्य युवक–युवतियां

## युवतियां

**नाम** : गीताजंलि चौहान **सुपुत्री** : श्री ओमप्रकाश चौहान
**जन्म तिथी** : 6 अक्टू 1984 **शिक्षा** : एम.सी.ए.
**कद** : 5फुट 4इंच **रंग** : गोरा
**जन्म स्थान** : ब्यावर **व्यवसाय** : लेक्चरर
**संपर्क सूत्र** : 9460914588

**नाम** : हिमाक्षी दग्दी **सुपुत्री** : श्री चन्द्रप्रकाश दग्दी
**जन्म तिथी** : 14 मार्च, 1992 **शिक्षा** : बी.टेक.(तृतीय वर्ष)
**कद** : 5 फुट **रंग** : गोरा
**जन्म स्थान** : ब्यावर **व्यवसाय** :
**संपर्क सूत्र** : 9214528440

**नाम** : मानसी **सुपुत्री** : श्री शिवनारायण माली
**जन्म तिथी** : 25अप्रेल, 1988 **शिक्षा** : बी.टेक.
**कद** : 5 फुट 4 इंच **रंग** : गोरा
**जन्म स्थान** : उदयपुर **व्यवसाय** :
**संपर्क सूत्र** : 9414157715

**नाम** : प्रतिभा **सुपुत्री** : श्री अनिल कुमार दग्दी
**जन्म तिथी** : 08 अक्टू,1991 **शिक्षा** : पी.जी.डी.एस.सी.
**कद** : 5 फुट 3 इंच **रंग** : गोरा
**जन्म स्थान** : ब्यावर **व्यवसाय** :
**संपर्क सूत्र** : 9352144095

**नाम** : जागृति **सुपुत्री** : स्व. श्री ख्यालीलाल माली
**जन्म तिथी** : 15 मार्च,1988 **शिक्षा** : बी.एस.सी., एम.बी.ए.
**कद** : **रंग** :
**जन्म स्थान** : नाथद्वारा **व्यवसाय** :
**संपर्क सूत्र** : 9460942494

**नाम** : ज्योति **सुपुत्री** : श्री के. एल. माली
**जन्म तिथी** : 21 अक्टू,1983 **शिक्षा** : एमबीए,एमएससी,पीजीडीसी
**कद** : 5 फुट 2 इंच **रंग** : गोरा
**जन्म स्थान** : उदयपुर **व्यवसाय** :
**संपर्क सूत्र** : 9594964267

## युवक

**नाम** : श्रवण **सुपुत्र** : श्री नाथुराम गहलोत
**जन्म तिथी** : 23 अगस्त,1984 **शिक्षा** : एम.सी.ए.
**कद** : 5फुट 3इंच **रंग** : गोरा
**जन्म स्थान** : जोधपुर **व्यवसाय** : इनोवेशन सॉफ्टवेयर
**संपर्क सूत्र** : 9214477155

**नाम** : ताराचंद (तलाक) **सुपुत्र** : श्री गोरीशंकर गहलोत
**जन्म तिथी** : 36 वर्ष **शिक्षा** : बी.लीब, एम.लीब
**कद** : **रंग** : गोरा
**जन्म स्थान** : जोधपुर **व्यवसाय** : लाईब्रेरियन
**संपर्क सूत्र** : 7737655789

**नाम** : दिनेश **सुपुत्र** : मूलाराम परिहार
**जन्म तिथी** : 10 अगस्त,1988 **शिक्षा** : बी. ए.
**कद** : 170सेमी. **रंग** : गेंहुआ
**जन्म स्थान** : जोधपुर **व्यवसाय** : बैंक क्लर्क(जामनगर)
**संपर्क सूत्र** : 9001830588

**नाम** : प्रवीणकुमार **सुपुत्र** : श्री मांगीलाल माली
**जन्म तिथी** : 13 अगस्त, 1991 **शिक्षा** : बी.एस.सी.(केमेस्ट्री)
**कद** : 165 सेमी. **रंग** : गोरा
**जन्म स्थान** : अहमदाबाद **व्यवसाय** :
**संपर्क सूत्र** : 9824658431

**नाम** : जयेशकुमार **सुपुत्र** : श्री मांगीलाल माली
**जन्म तिथी** : 29 जुलाई,1983 **शिक्षा** : एम.ए., डीसीए
**कद** : 160सेमी **रंग** : गोरा
**जन्म स्थान** : अहमदाबाद **व्यवसाय** :
**संपर्क सूत्र** : 9824658431

**नाम** : जयकुमार **सुपुत्र** : श्री शेषकरण दग्दी
**जन्म तिथी** : 28 जून, 1983 **शिक्षा** : बी. ए.
**कद** : 5 फुट 11 इंच **रंग** : साफ
**जन्म स्थान** : जयपुर **व्यवसाय** : स्वयं का व्यवसाय
**संपर्क सूत्र** : 9829476243

# माली सैनी संदेश मेरिज ब्युरों

माली समाज में पारस्परिक रिश्तें कायम करने के लिए विवाह योग्य युवक युवती का रजिस्ट्रेशन(पंजीयन)नि:शुल्क किया जाता है। पत्रिका ऐसे सभी योग्य वर/ वधू का पंजियन कर उनका विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित करेगा इस हेतु लड़की की न्यूनत्तम आयु 18 वर्ष व लड़के की न्यूनत्तम आयु 21 वर्ष होना आवश्यक है। पत्रिका की ओर से वर्ष में एक बार परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा। संभावित रिश्ते वाले दोनों पक्षों को सूचित कर रिश्तें कायम करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

## युवक-युवती व्यक्तिगत विवरण

**नवीनतम फोटो**

क्रम संख्या.................... दिनांक ..........................................

1. युवक/युवती का नाम.................................................................................. गौत्र ......................................
2. युवक/युवती कार्यरत है, व्यवसाय का नाम व पता..............................................................................

...................................................................................................................................................

...................................................... फोन नम्बर............................. मोबाईल नम्बर.............................. वार्षिक आय..................................

3. शैक्षिक योग्यता ................................................................. विशेष योग्यता.............................................

3. जन्म तिथि............................................ ऊँचाई................................ से. मी. वजन.......................... किलो

4. शारीरिक रंग : गोरा/गेंहुआ/श्याम........................ चश्में का प्रयोग : हा/ नहीं................. मांगलिक है या नहीं.........................

3. अन्य जानकारी जो आप देना आवश्यक समझें.........................................................................................

...................................................................................................................................................

**3. पारिवारिक विवरण**

पिता का नाम................................................................ माता का नाम..............................................

माता/पिता का निवास स्थान.................................................................................................................

.................................................................. फोन नम्बर.................................... मोबाईल नम्बर...........................................

माता/पिता व्यवसायिक पता.................................................................................................................

.................................................................. फोन नम्बर.................................... मोबाईल नम्बर...........................................

वार्षिक आय.................................................... मकान निजी/किराये का..................................................

भाई-बहनों की संख्या............................ विवाहित :भाई...................... बहिन...................... अविवाहित :भाई.................... बहिन....................

**4. ननिहाल पक्ष विवरण**

नाना /मामा का नाम व पूरा पता.............................................................................................................

...................................................................................................................................................

.................................................................. फोन नम्बर.................................... मोबाईल नम्बर...........................................

**हस्ताक्षर अभिभावक** दिनांक .......................................... **हस्ताक्षर युवक/ युवती**

भेजे : **माली सैनी संदेश**, पोस्ट बाक्स नं. 09, जोधपुर या फिर ई-मेल करें : *malisainisandesh gmail.com; www.malisainisandesh.com*

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचन्द्र सोलंकी पुत्र श्री गोविन्दराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश गेहलोत पुत्र स्व. श्री बलदेवसिंहजी जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्रीबाबूलाल टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्री बंशीलाल मारोठिया पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल गेहलोत पुत्र श्री दयाराम जोधपुर
श्री सोहनलाल देवड़ा पुत्र श्री हापुराम देवड़ा मथानियां
श्री अमृतलाल परिहार पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार (उपाध्यक्ष नगर पालिका) बालोतरा
श्री रमेश कुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत बालोतरा
श्री लक्ष्मीचन्द सुंदेशा पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा बालोतरा
श्री वासुदेव गहलोत पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत बालोतरा
श्री महेश बी. चौहान पुत्र श्री भगवानदास चौहान बालोतरा
श्री हेमाराम माली पुत्र श्री रूपाराम पंवार बालोतरा
श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री हरिराम पंवार बालोतरा
श्री छगनलाल गहलोत पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत बालोतरा
श्री सोनाराम सुंदेशा पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम सुंदेशा पुत्र श्री पूनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्र कुमार पंवार पुत्र श्री अणदाराम पंवार बालोतरा
श्री शंकरलाल (पार्षद) पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार बालोतरा
श्री घेवरचंद पंवार पुत्र श्री भोमजी पंवार बालोतरा
श्री रामकरण माली पुत्र श्री किसनाराम माली बालोतरा
श्री रतन परिहार पुत्र श्री देवजी परिहार बालोतरा
श्री कैलाश काबली (अध्यक्ष माली समाज) पाली
श्री घीसाराम देवड़ा (मंडल महामंत्री भाजपा) भोपालगढ़
श्री शेषाराम श्यामलाल टाक पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल माली (सरपंच महिलावास) सिवाणा
श्री रमेश कुमार सांखला सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाह, लवेरा बावड़ी
संत हजारीलाल गहलोत जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार डीसा
श्री हितेश भाई मोहन भाई पंवार डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी डीसा
श्री मगनलाल गीगा जी पंवार डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा डीसा
श्री नवीनचन्द दलाजी गहलोत डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाह डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा डीसा

श्री सुखदेव वक्ता जी गहलोत डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी डीसा
श्री किशोर कुमा सांखला डीसा
श्री बाबुलाल गीगाजी टाक डीसा
श्री देवचन्द रगाजी कच्छवाह डीसा
श्री सतीश कुमार लक्ष्मीचन्द सांखला डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाह डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाह डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी डीसा
श्री अशोक कुमार पुनमाजी सुंदेशा डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार सोढ़ो की ढाणी
श्री सम्पतसिंह पुत्र श्री बींजारामजी गहलोत जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत जोधपुर
श्री जितेन्द्र पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छवाह जोधपुर
श्री सीताराम सैनी पुत्र श्री सुरजमल सैनी सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी सर्वोदय सोसायटी जोधपुर
श्री जयनारायण गहलोत चौपासनी चारणान मथानियां
श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी गेंवा जोधपुर
श्री रामेश्वरलाल (सुशील कुमार) गहलोत जोधपुर
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी चौखा
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कम्पनी भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भगवती खाद बीज भण्डार भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार राजस्थान फार्मेसिया जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेंट सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी सोजतरोड़
श्री राम अकेला पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा देवड़ा मोटर्स जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला सांखला सिमेंट जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र स्व. श्री बींजाराम गहलोत जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी भीनमाल
श्री सांवरराम परमार भीनमाल
श्री भारताराम परमार भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल

श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार भीनमाल
श्री डी.डी.भाटी पुत्र श्री भंवरलाल भाटी जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार सूरसागर जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत गहलोत सूरसागर जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी आदमपुरा
श्री अशोक सांखला पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला जोधपुर
श्री नटवरलाल माली जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत जोधपुर
श्री अमित पंवार जोधपुर
श्री राकेश कुमार सांखला जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार बालोतरा
श्री अरविन्द सोलंकी जोधपुर
श्री सुनिल गहलोत जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार जोधपुर
श्री मनीष गहलोत जोधपुर
श्री योगेश भाटी अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा बिलाड़ा
श्री प्रकाशचन्द सांखला ब्यावर
श्री झुमरलाल गहलोत जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी जोधपुर
श्री महावीरसिंह भाटी जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा जोधपुर
श्री अशोक टाक जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत सालावास जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा मध्यप्रदेश
**श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर**

# माली सैनी संदेश

## ही क्यों ?



### क्योंकि

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

### क्योंकि

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur

Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh gmail.com

e-mail : editor malisaini.org

**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर


हार्दिक बधाई
श्री देवीचंद देवड़ा
के माली संस्थान, जोधपुर
के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं
शुभेच्छु : नरेश देवड़ा
देवड़ा मोटर्स, पावटा सी रोड,
अण्डर ब्रिज के उपर, जोधपुर
फोन : 0291-2550707
मो. : 98290 26069


राजस्थान सरकार के सफलतम
4 वर्ष पूर्ण होने पर
मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत
एवं
जोधपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष
श्री राजेन्द्र सोलंकी
के सफलतम 1 वर्ष पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सौजन्य : जगदीश देवड़ा
रीतू स्टूडियो, जोधपुर
94149 14846

Postal Regd. No. Jodhpur/221/2009-2011

NO. RAJHIN12897/20/1/2004-TC





# 4 सफलता के वर्ष

राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री एवं माली सैनी समाज गौरव

## श्री अशोक गहलोत

के कुशल नेतृत्व में सुशासन एवं समग्न चंहुमुखी विकास के सफल चार वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाऐं

### राजस्थान सरकार की विकास योजनाएं

- मुफ्त दवा योजना
- मुख्यमंत्री अन्न सुरक्षा योजना
- राज. लोक सेवा गारन्टी अधिनियम
- जयपुर मैट्रो ट्रेन
- अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी
- कृषकों के लिए बिजली कनेक्शन पर ड्यूटी फ्री
- मुख्यमंत्री ग्रामीण बीपीएल आवास योजना
- मुख्यमंत्री शहरी बीपीएल आवास योजना
- राज जननी सुरक्षा योजना
- पशुधन निःशुल्क दवा योजना
- सुनवाई का अधिकार

### जोधपुर में विकास कार्य

राजस्थान उच्च न्यायालय के नवीन भवन का निर्माण प्रगति पर
राजस्थान न्यायिक अकादमी की स्थापना
नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की स्थापना
एम्स प्रथम शैक्षणिक बैच प्रारम्भ
राज्य का पहला राजकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज का निर्माण
पुलिस विश्वविद्यालय गौशाला में इण्डोर स्टेडियम
सुगम यातायात के लिए 39 लो-फ्लोर बसें
आगजनी दुर्घटना की सुरक्षार्थ विश्व की अत्याधुनिक लेडर मशीन (550 लाख रुपये) घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य
सालावास में सीवरेज ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं सम्पादक मनीष गहलोत के लिए मुद्रक मोहम्मद मुस्लिम द्वारा हिन्दुस्तान प्रिण्टिंग हाउस इन साईड ईदगाह कम्पाउण्ड जालोरी गेट, जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय, 31, गणपति मार्केट नई सड़क, जोधपुर से प्रकाशित।

फोन : 09414475464 ई-मेल : malisainisandesh gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.o